मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, शनिवार, 18 जनवरी 2025
संवत 2081, माघ कृष्ण 5- मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 133 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ भारत के लिए चेतावनी है कैलिफोर्निया की जंगल की आग
सैफ के साथ हुई घटना पर शाहिद कपूर ने जताई चिंता ◂◂ 6

# रिम्स में हैवानियत : इलाज कराने आयी युवती के साथ सैप जवान ने किया दुष्कर्म, मचा हड़कंप

● पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल ● आरोपी जवान ने युवती को जान से मारने की दी थी धमकी

संवाददाता






**रांची :** राजधानी रांची स्थित राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स) अस्पताल में एक शर्मनाक घटना सामने आयी है। एक सैप जवान ने अस्पताल में अपने प्रेमी के साथ इलाज कराने आयी एक युवती के साथ दुष्कर्म किया। इस घटना से अस्पताल में हड़कंप मच गया है। मरीजों व तीमारदारों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं।

पीड़िता, चतरा जिले की रहने वाली है। वह अपने प्रेमी के साथ इलाज कराने रिम्स आयी थी। गुरुवार देर रात जगह न मिलने के कारण वे दोनों अस्पताल में ही सो गए थे। तभी सैप जवान संतोष कुमार बारला वहां पहुंचा और उन्हें धमकाते हुए पूछताछ के बहाने युवती को अस्पताल की चौथी मंजिल पर एक सुनसान जगह पर ले गया। आरोप है कि वहां जवान ने युवती के साथ दुष्कर्म किया और घटना का जिक्र करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

डरी-सहमी युवती ने बाद में अपने प्रेमी को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद बरियातू थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सैप जवान संतोष कुमार बारला को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की उम्र लगभग 20 साल बताई जा रही है।

इस घटना के बाद रिम्स अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। राज्य के सबसे बड़े अस्पताल में इस तरह की घटना से लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाएं, तो मरीजों और उनके परिजनों की सुरक्षा कौन करेगा?

यह पहली बार नहीं है जब रिम्स अस्पताल में इस तरह की घटना हुई है। सितंबर 2024 में भी एक महिला जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर के साथ लिफ्ट में छेड़खानी का मामला सामने आया था। उस घटना में भी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

रिम्स अस्पताल झारखंड का सबसे बड़ा अस्पताल है, जहां राज्य के सभी जिलों के अलावा पड़ोसी राज्यों बिहार, छत्तीसगढ़ और बंगाल से भी बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए आते हैं। इस तरह की घटनाओं से अस्पताल की प्रतिष्ठा पर गहरा आघात लगा है।

एक दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे राहुल गांधी

## संविधान सुरक्षा सम्मेलन को करेंगे संबोधित



**पटना:** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। कांग्रेस सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी शनिवार को पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

उन्होंने बताया कि इसके बाद बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय -सदाकत आश्रम- में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होंगे। इसके साथ ही वह नवनिर्मित स्टाफ क्वार्टर एवं एक नवीनीकृत सभागार का उद्घाटन करेंगे, जिनका नाम क्रमशः उनकी दादी इंदिरा गांधी और उनके पिता राजीव गांधी के नाम पर रखा गया है।

लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी पहली बार बिहार के दौरे पर आये हैं। पटना पहुंचने पर बिहार कांग्रेस प्रमुख अखिलेश प्रसाद सिंह एवं पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने हवाई अड्डे पर राहुल गांधी का स्वागत किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने हवाई अड्डे के बाहर बड़ी संख्या में पार्टी का झंडा लेकर एकत्र हुए नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का हाथ हिलाकर अभिवादन किया।

अरविंद केजरीवाल का बड़ा ऐलान

## किराएदारों को भी मिलेगा मुफ्त बिजली और पानी



**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के किराएदारों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी पार्टी फिर से सरकार बनाती है, तो राजधानी के लाखों किराएदारों को भी मुफ्त बिजली और पानी की सुविधा दी जाएगी।

प्रेस वार्ता में केजरीवाल ने कहा, हम ऐसा सिस्टम बनाएंगे जिससे दिल्ली में रहने वाले किराएदार भी मुफ्त बिजली और पानी का लाभ उठा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि राजधानी में बड़ी संख्या में पूर्वांचल के लोग किराए पर रहते हैं और कई मकानों में एक-एक सौ किराएदार तक रहते हैं, जो बेहद गरीबी में जीवनयापन कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, मैं दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में घूम रहा हूं। लोग मुझसे कह रहे हैं कि मोहल्ला क्लिनिक, स्कूल और अस्पताल जैसी सुविधाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है, लेकिन मुफ्त बिजली और पानी का नहीं। यह स्थिति बदलने की जरूरत है। अरविंद केजरीवाल के इस ऐलान को आगामी चुनावों के मद्देनजर अहम माना जा रहा है, क्योंकि यह दिल्ली के बड़ी आबादी वाले किराएदार वर्ग को सीधे तौर पर राहत प्रदान करने का वादा करता है।

## वन क्षेत्र में मिला हथिनी का शव, जांच में जुटा वन विभाग

संवाददाता



**रांची:** पश्चिम सिंहभूम जिले के चाईबासा वन क्षेत्र के एक खेत में हथिनी का शव मिला। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य कुमार ने बताया कि उन्हें रात में हथिनी की मौत की सूचना मिली थी, लेकिन रात होने के कारण उनकी टीम पट्टाजैंत गांव में घटनास्थल पर नहीं पहुंच सकी। उन्होंने बताया कि अपने झुंड से बिछड़ने के बाद हथिनी भटक कर जोतिया जंगल के पास एक गांव में पहुंच गई, जहां उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारणों का पता लगाने के लिए हथिनी के शरीर के नमूने रांची स्थित प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि हथिनी के शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं है और आसपास के इलाके में बिजली के तार नहीं होने के कारण करंट लगने की संभावना से भी इनकार किया जा रहा है।

## करोड़ों युवाओं को रोजगार के नाम पर गुमराह कर रही है मोदी सरकार: खरगे



**नई दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार फर्जी आंकड़ो के जरिये युवाओं को धोखा दे रही है। उन्होंने एक सर्वेक्षण के नतीजों का हवाला देते हुए दावा भी किया कि करोड़ों युवाओं को रोजागार सृजन के नाम पर गुमराह किया जा रहा है।

खरगे ने एक्स' पर पोस्ट किया, झूठे दावों, आंकड़ों के फजीवाड़े और घटती नौकरियों की सच्चाई पर पर्दा डालना मोदी सरकार की आदत बन चुकी है। 82 प्रतिशत युवा इस साल नौकरी की तलाश में। 55 प्रतिशत बोले, पिछले साल नौकरी ढूंढ़ना हुआ कठिन। 37 प्रतिशत युवा का कहना है कि उन्होंने 2025 में नई नौकरी तलाशने की उम्मीद ही छोड़ दी है।" उनके मुताबिक, एक अलग सर्वे से पता चला है कि 69 प्रतिशत भारतीय मानव संसाधन पेशेवरों को लगता है कि किसी भूमिका के लिए योग्य प्रतिभा ढूंढना अब अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है।

## हजारीबाग जेल में गैंगवार की आशंका, दुमका जेल में शिफ्ट किया जायेगा गैंग्स्टर विकास तिवारी




**रांची :** गैंगस्टर सुशील श्रीवास्तव हत्याकांड के दोषी कुख्यात अपराधी विकास तिवारी को अब दूसरी जेल में शिफ्ट किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार की ओर से दाखिल उस याचिका को स्वीकार कर लिया है, जिसमें विकास तिवारी को झारखंड की एक जेल से दूसरी जेल में स्थानांतरित करने की अपील की गयी थी। राज्य सरकार ने इस आधार पर विकास तिवारी को एक जेल से दूसरी जेल में ट्रांसफर करने की अपील की थी कि वह गैंगवार में शामिल था और उसने अपनी जान को खतरा बताया था। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार को मॉडल जेल मैनुअल 2016 के प्रावधानों को शामिल करते हुए जेल मैनुअल लाने का भी निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट का आदेश रद्द कर दिया शीर्ष अदालत ने झारखंड हाईकोर्ट की ओर से 21 अगस्त, 2023 को पारित आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें हाईकोर्ट ने विकास तिवारी को हजारीबाग जिले स्थित लोक नायक जय प्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार से केंद्रीय कारागार दुमका में स्थानांतरित करने के लिए जेल आईजी की ओर से पारित आदेश को रद्द कर दिया था। लेकिन फिर से एक प्रशासनिक आदेश पारित किया गया, जिसमें राज्य सरकार की ओर से यह तर्क दिया गया कि विकास तिवारी और जेल में बंद अन्य आपराधिक गिरोहों के बीच गैंगवार की आशंका है और इसीलिए उसे दुमका जेल में स्थानांतरित करने का फैसला किया है।

## घरलू विवाद में चचेरे भाई की टांगी से काटकर हत्या

**पलामू:** जिले के नावाबाजार थाना क्षेत्र के राजहारा गांव में 20 वर्षीय रोहित चौहान को उनके सगे चचेरे भाई साहिल चौहान ने टांगी से वारकर मार डाला। घटना शुक्रवार रात की बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक आरोपी ने घरेलू विवाद में घटना को अंजाम दिया है।

आरोपी साहिल चौहान गिरफ्तारः सूचना मिलने के बाद नावा बाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक रोहित चौहान की मां ने थाने में आरोपी साहिल चौहान के खिलाफ लिखित आवेदन देकर प्राथमिक की दर्ज करायी। इसके बाद पलामू पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी साहिल चौहान को गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि घटना के पीछे घरेलू विवाद है। जिसके कारण घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## जल्द ही देश के रेल नेटवर्क से जुड़ेगा गुमला, खूंटी, सिमडेगा और चतरा

झारखंड रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने इस परियोजना के लिए सर्वे पूरा कर लिया




**रांची :** झारखंड के लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। मिली जानकारी के अनुसार राज्य के चार जिले गुमला, खूंटी, सिमडेगा और चतरा जल्द ही देश के रेल नेटवर्क से जुड़ जाएंगे। ये जिले रांची रेल मंडल के अंतर्गत आएंगे। गुमला, खूंटी और सिमडेगा को रांची-लोहरदगा रेल मार्ग से जोड़ा जाएगा। चतरा को रांची-हजारीबाग रोड रेल मार्ग से जोड़ा जाएगा। झारखंड रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने इस परियोजना के लिए सर्वे पूरा कर लिया है।

बता दें कि झारखंड सरकार ने इस परियोजना की रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को भेज दी है। मंजूरी मिलने के बाद डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इस नए रेल मार्ग में लोहरदगा से गुमला में 55 किमी, गुमला से सिमडेगा 43 किमी, हटिया से खूंटी 20 किमी और हजारीबाग से चतरा 42 किमी रेल लाइन बिछाने का काम होगा

आदिवासी और नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोगों को लाभः जेआरआईडीसीएल के अधिकारियों के मुताबिक इन जिलों को रेल नेटवर्क से जोड़ने से आदिवासी और नक्सल प्रभावित इलाकों के लोगों को बड़ा फायदा होगा। अभी लोगों के पास सड़क मार्ग ही एकमात्र विकल्प है, जिससे यात्रा में ज्यादा समय और पैसा खर्च होता है। इसके साथ रेल कनेक्टिविटी से व्यापार और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सिमडेगा के लोगों को अभी ट्रेन पकड़ने के लिए ओडिशा के राउरकेला या बानो स्टेशन जाना पड़ता है। इसी तरह, गुमला, खूंटी और चतरा के लोगों को भी ट्रेन के लिए दूसरे शहरों पर निर्भर रहना पड़ता है।

सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

# आत्महत्या के लिए उकसाने मामलों में बरतें सावधानी



**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय दंड संहिता के तहत आत्महत्या निवारण का अपराध केवल मरने वाले व्यक्ति के परेशान परिवार के सदस्यों की भावनाओं को शांत करने के लिए व्यक्तियों के खिलाफ यांत्रिक रूप से लागू नहीं किया जाना चाहिए। जस्टिस अभय एस ओका और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि जांच एजेंसियों को संवेदनशील बनाया जाना चाहिए ताकि लोगों को पूरी तरह से अस्थिर अभियोजन की प्रक्रिया का दुरुपयोग न करना पड़े। आईपीसी की धारा 306 का उपयोग पुलिस द्वारा लापरवाही से और बहुत तत्परता से किया गया प्रतीत होता है। जबकि वास्तविक मामलों में शामिल व्यक्तियों को जहां सीमा पूरी हो गई है, बख्शा नहीं जाना चाहिए, प्रावधान को व्यक्तियों के खिलाफ लागू नहीं किया जाना चाहिए, केवल पीड़ित के परेशान परिवार की तत्काल भावनाओं को शांत करने के लिए।

अदालत ने कहा कि पीड़ित की दुर्भाग्यपूर्ण मौत से पहले उनकी बातचीत और बातचीत को व्यावहारिक दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए और जीवन की दिन-प्रतिदिन की वास्तविकताओं से अलग नहीं किया जाना चाहिए। आदान-प्रदान में प्रयुक्त अतिशयोक्ति को, बिना किसी और बात के आत्महत्या के लिए उकसाने के रूप में महिमामंडित नहीं किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि निचली अदालतों को भी अत्यधिक सावधानी और सावधानी बरतनी चाहिए और यंत्रवत् आरोप तय करके इसे सुरक्षित करने का सिंड्रोम नहीं अपनाना चाहिए, भले ही किसी दिए गए मामले में जांच एजेंसियों ने सामग्री के प्रति पूरी तरह से उपेक्षा दिखाई हो।

यह फैसला महेंद्र अवासे नामक व्यक्ति द्वारा मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर आया, जिसने आईपीसी की धारा 306 के तहत दंडनीय अपराधों से उन्हें मुक्त करने की उनकी प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया था। रिकॉर्ड के अनुसार, एक व्यक्ति की आत्महत्या से मृत्यु हो गई और उसने एक नोट छोड़ा जिसमें उसने उल्लेख किया कि उसे अवासे द्वारा परेशान किया जा रहा था। सुसाइड नोट के अलावा, गवाहों के बयान दर्ज किए गए, जिससे संकेत मिलता है कि मरने वाला व्यक्ति परेशान था क्योंकि अवासे उसे कर्ज चुकाने को लेकर परेशान कर रहा था।

न्यूज ब्रीफ



## अवैध इट्टा भट्ठा में की जा रही है चोरी के कोयले की सप्लाई

**सिल्ली :** सिल्ली थाना क्षेत्र में अवैध ईटा भट्ठा में अवैध कोयला की सप्लाई रोकने का नाम नही ले रहा है धड़ल्ले से सप्लाई की जा रही है वह भी चोरी का कोयला बोरी में भरकर बोलोरो पिकअप वैन में बेखौफ पहुंचाया जा रहा है. बड़े पैमाने पर सीधा बगान के समीप अवैध इट्टा भट्ठा में चोरी का कोयला गिराया गया और जिम्मेदारों को सरकार की नीति से कोई मतलब नही। मालूम हो कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है की उनकी सरकार भ्रष्टाचार बिल्कुल बर्दाश्त नही करेगी और इस तरह की गतिविधियों में शामिल अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. इसके बाबजूद थाना क्षेत्र के कोयला और बालू का अवैध कारोबार रोकने का नाम नही ले रहा है।

## सैप्टिक टैंक में गिरकर बच्ची की मौत

**बोकारो :** जिले के कथारा में सैप्टिक टैंक में गिरकर 12 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई. घटना कथारा दो नंबर स्थित रविदास टोला की है. मिली जनकारी के अनुसार, रमेश कुमार शर्मा की बेटी राधा कुमारी गांव के एक मकान के पीछे सिम तोड़ने गई थी. इसी दौरान वह सैप्टिक टैंक में गिर गई. बस्तीवासियों ने आनन-फानन में बच्ची को सेफ्टी टैंक से निकाला और घटना की सूचना कथारा ओपी को दी. ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और बच्ची को सीसीएल के कथारा क्षेत्रीय अस्पताल भेजवाया, जहां डॉ एमएन राम ने उसे मृत घोषित कर दिया. राधा कुमारी कथारा मिडिल स्कूल की कक्षा 7वीं की छात्रा थी. कथारा क्षेत्रीय अस्पताल में लोगों की भीड़ जुट गई.परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## नवलशाही पुलिस ने मवेशी लदा पिकअप वाहन किया जब्त



**डोमचांचः** नवलशाही पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर नवलशाही पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर कोडरमा - गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित मारुती चौक के समीप से मवेशी लदे एक पिकअप वैन को जब्त किया है। साथ ही पुलिस ने दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है। जिसमे जहानाबाद के कॉंको थाना निवासी बिनय कुमार तथा मरकच्चो थाना क्षेत्र के राजारायडीह निवासी पवन कुमार यादव के नाम शामिल हैं। थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार ने बताया की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की उक्त मार्ग पर गौ तस्करी की जा रही है। जिसके बाद गश्ती दल के जांच के दौरान कोडरमा से बरियारडीह की ओर से आ रहे पिकअप वैन जे एच 11 टी 8826 को रुकवाकर उसकी जांच की गयी तो उक्त पिक अप वैन मे बिना कागजात के परिवहन किये जा रहे तीन मवेशी लोड थे। पुलिस ने वाहन को जब्त कर वाहन में सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तथा जब्त वाहन व मवेशियों को थाना ले आए।

## जरूरतमंदो के बीच कंबल वितरण



**मुरीः** सिल्ली प्रखंड के पंचायत विसरिया के वार्ड न. 9 कुटाम में कांग्रेस नेता शमशेर आलम की अगुवाई में जरूरतमंदो के बीच कम्बल वितरण किया गया।

कम्बल वितरण कार्यक्रम में मुख्यरुप से रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नगेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला सचिव मंजूर मोमिन, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला महासचिव रमजान अंसारी, महताब अंसारी,दशरथ कुम्हार इत्यादि कांग्रेस जनों की गरिमायी उपस्थिति रही। इस सफल कार्यक्रम के लिए सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने कांग्रेस नेतागण का आभार जताया।

# सरकारी डेयरी कंपनी 'मेधा' को बढ़ावा देगी सरकार, सरकारी कार्यालयों के बाहर बनेंगे बूथ

संवाददाता

**रांचीः** झारखंड सरकार ने स्थानीय सरकारी डेयरी उत्पाद मेधा को बढ़ावा देने का फैसला किया है। इस फैसले के तहत अब राज्य के सरकारी कार्यालयों के बाहर मेधा के बूथ खोले जाएंगे। मेधा, झारखंड मिल्क फेडरेशन (जेएमएफ) का हिस्सा है। जेएमएफ, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ मिलकर राज्य में डेयरी विकास कार्यक्रम का विस्तार कर रहा है।

स्कूलों के बाहर भी खोले जाएंगे बूथः कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वह बूथ लगाने के लिए जगह मुहैया कराने के लिए सरकार से आग्रह करेंगी। उन्होंने कहा कि शहरी इलाकों में स्कूलों के बाहर भी मेधा डेयरी के लिए अस्थायी बूथ लगाए जाएंगे। तिर्की ने हेसाग में पशुपालन निदेशालय में जेएमएफ अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें खास तौर पर शहरी इलाकों में मेधा डेयरी उत्पादों को बढ़ावा देने के विभिन्न तरीकों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि विभाग का मानना है कि स्कूली बच्चे ब्रांड को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम हो सकते हैं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि स्कूलों के बाहर शहरी क्षेत्रों में, दूध ब्रांड के अस्थायी बूथ छात्रों को अपने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की एक किस्म प्रदान करेंगे। मंत्री ने रांची के मांडर, चान्हो और बेड़ो में मेधा डेयरी बूथ खोलने का भी निर्देश दिया। बयान में कहा गया है कि विभाग ने जमशेदपुर के बजाय सरायकेला-खरसावां जिले में डेयरी प्लांट स्थापित करने के लिए स्थल का चयन करने का भी निर्णय लिया है। तिर्की ने ग्रामीण समुदायों को जोड़ने, रोजगार के अवसर पैदा करने और विभाग को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए महासंघ के साथ-साथ एक डेयरी सहकारी समिति की स्थापना का भी सुझाव दिया।



डाबर च्यवनप्राश की पहल

## बच्चों के लिए सर्दियों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान

**रांचीः** सर्दी भारत में सबसे प्रतीक्षित मौसमों में से एक है, लेकिन यह सर्दी-खांसी और श्वसन संबंधी समस्याओं जैसी कई बीमारियों को भी साथ लेकर आती है; जो इस मौसम में सबसे अधिक प्रचलित हैं और आमतौर पर कम प्रतिरक्षा के कारण होती हैं। च्यवनप्राश लगभग 3000 साल पुराना और प्रसिद्ध आयुर्वेदिक नुस्खा है जिसका उपयोग प्रतिरक्षा को बढ़ाने के लिए किया जाता है और यह खांसी और सर्दी जैसे आम दिन-प्रतिदिन के संक्रमणों से सुरक्षा प्रदान करने में मदद करता है। डाबर च्यवनप्राश में कई 'रसायन' जड़ी-बूटियाँ होती हैं जो अपने इम्यूनोमॉड्यूलेटरी प्रभावों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के संक्रमणों की रोकथाम में मदद करती हैं।

भविष्य की पीढ़ियों के स्वास्थ्य की रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, डाबर च्यवनप्राश ने आज देश भर में वंचित बच्चों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एक मेगा जागरूकता पहल शुरू करने की घोषणा की। इस पहल के तहत, डाबर च्यवनप्राश एक प्रसिद्ध डॉक्टर के साथ मिलकर बच्चों को बदलते मौसम, सामान्य बैक्टीरिया और वायरस के कारण होने वाली बीमारियों से लड़ने के लिए एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली बनाने की आवश्यकता के बारे में शिक्षित करने के लिए प्रतिरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित करेगा।

रांची में विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल, रांची के 250 से अधिक बच्चों के लिए एक विशेष सत्र आयोजित कर इस अभियान की शुरूआत की गई। सत्र का उद्देश्य बच्चों को सर्दियों में बीमारियों से लड़ने के लिए जागरूक करना था। बच्चों को बुनियादी स्वच्छता और पौष्टिक आहार के माध्यम से अपनी प्रतिरक्षा को बढ़ाने के तरीकों के बारे में भी शिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान संस्थापक सुरेश सा भी मोजूद थे`

इस अवसर पर बोलते हुए, डाबर इंडिया लिमिटेड के सीएसआर और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस के प्रमुख दिनेश कुमार ने कहा, डाबर च्यवनप्राश 100 से अधिक वर्षों से प्रत्येक भारतीय को सबसे मजबूत प्रतिरक्षा हासिल करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल इस प्रतिबद्धता की दिशा में एक छलांग है। हम हर साल कई लोगों की जान लेने वाली शीत लहर के बारे में चिंतित हैं। इस पहल के माध्यम से, हम इन बच्चों को च्यवनप्राश प्रदान करने के अलावा प्रतिरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालकर वंचित बच्चों को सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास करेंगे।

बीएचयू के एम.डी. आयुर्वेद) डॉ. परमेश्वर अरोड़ा ने कहा , मौसमी परिवर्तन के दौरान तापमान में अचानक बदलाव होता है, जिससे खांसी, जुकाम और फ्लू जैसी बीमारियां होती हैं। सर्दी, खांसी, सांस की समस्या आदि जैसी बीमारियों से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना एक प्रभावी तरीका है। डाबर च्यवनप्राश बदलते मौसम चक्रों के दौरान किसी की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का एक प्रभावी उपाय है।

इस अभियान के तहत, डाबर च्यवनप्राश ने भारत के 22 शहरों यानी आगरा, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, उदयपुर, जयपुर, भुवनेश्वर, कोलकाता, सिलीगुड़ी, पटना, गया, इंदौर, रायपुर, पुणे, औरंगाबाद, रांची, बेंगलुरु, मुंबई, नासिक, नागपुर, ग्वालियर और चंडीगढ़ के प्रमुख गैर सरकारी संगठनों के साथ हाथ मिलाया है। डाबर इंडिया लिमिटेड के बारे मेंः डाबर इंडिया लिमिटेड भारत की अग्रणी एफएमसीजी कंपनियों में से एक है। 140 वर्षों की गुणवत्ता और अनुभव की विरासत पर आधारित, डाबर आज भारत का सबसे भरोसेमंद नाम और दुनिया की सबसे बड़ी आयुर्वेदिक और प्राकृतिक स्वास्थ्य सेवा कंपनी है। डाबर इंडिया के एफएमसीजी पोर्टफोलियो में नौ पावर ब्रांड शामिल हैं - हेल्थकेयर स्पेस में डाबर च्यवनप्राश, डाबर हनी, डाबर हनीटस, डाबर पुदीन हरा और डाबर लाल टेल; पर्सनल केयर स्पेस में डाबर आंवला, डाबर रेड पेस्ट और वाटिका; और फूड्स एंड बेवरेजेज कैटेगरी में रियल।

## आरपीएफ ने संदिग्ध बैग से 5.948 किलोग्राम गांजा किया बरामद

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमाः** ऑपरेशन नार्कोस के तहत निरीक्षक प्रभारी कोडरमा दीपक कुमार के नेतृत्व में उनि जितेंद्र कुमार, सउनि बी०एन० यादव, आ० अशोक कुमार गुप्ता, आ० अंकेश कुमार, सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कोडरमा प्रतिबंधित सामानो के परिवहन की रोकथाम निगरानी के दौरान कोडरमा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या चार पर समय 13.30-33 बजे ट्रेन नंबर 12801अप पुरी नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस आगमन पर इसके दिव्यांग कोच सं. इको 204180 के बाथरूम दरवाजे के पास से एक आसमानी रंग का पिठू बैग संदिग्ध अवस्था में पाया गया। उक्त बैग के बारे में कोच में बैठे यात्रियों से पुछताछ किया गया तो किसी भी यात्री के द्वारा उसपर अपना दावा पेश नहीं किया गया। लिहाजा उसे वहीं पर यात्रियों के बीच खोल कर देखा गया तो उसमें दो प्लास्टिक में रखा हुआ गांजा पाया गया। उसके बाद उक्त पिठू बैग को विडियोग्राफी बनाते हुए गाड़ी से उतारा गया। मौके पर किसी दण्डाधिकारी के उपस्थित नहीं होने पर नियमानुसार




कार्यवाही हेतु बरामद पिठू बैग को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कोडरमा पर लाया गया। बाद एक दण्डाधिकारी की नियुक्ति हेतु अनुमंडल पदाधिकारी कोडरमा महोदय को पत्र के माध्यम से आग्रह किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी, कोडरमा महोदय के द्वारा कार्यवाही हेतु कार्यपालक दण्डाधिकारी, कोडरमा को दण्डाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया। प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी मनोज कुमार रवि ने दिन शुक्रवार को समय करीब 12:20 बजे रेसुब पोस्ट कोडरमा पर उपस्थित हुए। उनके उपस्थित होने पर बरामद गांजा को वजन करने हेतु राजेश चौधरी, पार्सल कलर्क, कोडरमा को पत्र देकर बुलाया गया। सभी के उपस्थित होने के उपरांत बरामद गांजा को मनोज कुमार रवि, कार्यपालक दण्डाधिकारी, कोडरमा महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा सभी के उपस्थिति में गांजा के दोनों प्लास्टिक के थैला को बारी-बारी से वजन किया गया जिसमें प्रथम गांजा के प्लास्टिक के थैला का वजन 02.897 किलोग्राम एवं दुसरे गांजा के प्लास्टिक के थैला का वजन 03.051 किलोग्राम कुल वजन 5.948 किलोग्राम, अनुमानित मूल्य 59,480/ पाया गया। उसके बाद दोनों पैकेटों को सर्व सील मुहर करते हुए उस पर लेबल चस्पा किया गया तथा उसपर उपस्थित गवाहों द्वारा हस्ताक्षर किया गया। बाद उपस्थित गवाहों के समक्ष जप्ती सूची बनाते हुए समय 13:00 बजे जब्त किया गया जिसपर गवाहों द्वारा अपना- अपना हस्ताक्षर किया गया। उक्त सभी कार्रवाई की विडियो ग्राफी की गई। उपरोक्त बरामद शुदा गांजा को आवेदन के साथ अग्रिम कानूनी कार्रवाई वास्ते जीआरपी कोडरमा को सुपुर्द किया गया है।

सांसद खेल महोत्सव

## फुटबॉल और वॉलीबॉल का फाइनल रहा रोमांचक, विजेताओं को किया गया सम्मानित



मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमाः**10 दिवसीय महोत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, केंद्रीय मंत्री ने किया खिलाड़ियों को प्रेरित फुटबॉल के रोमांचक मुकाबले में वाइबीसी की जीत झुमरी तिलैया सांसद खेल महोत्सव के अंतिम दिन सी प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में फुटबॉल का फाइनल मुकाबला खेला गया। बॉयज के फुटबॉल में वाइबीसी झुमरी तिलैया और चाराडीह के बीच हुए मुकाबले में वाइबीसी ने 3-0 से शानदार जीत दर्ज की। बाबलू राणा ने एक गोल व दिव्यांशु राणा ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए दो गोल किए। दिव्यांशु राणा को मैन ऑफ द मैच, जबकि मैन ऑफ द सीरीज का खिताब चाराडीह के आनंद कुमार को मिला। बालिकाओं में धाब ने पेनल्टी पर दर्ज की जीत बालिकाओं के फुटबॉल मुकाबले में धाब और थाम के बीच खेले गए फाइनल में धाब ने पेनल्टी के जरिए जीत दर्ज की। इस मैच में अंशु यादव को मैन ऑफ द मैच और पिंकी यादव को मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। वॉलीबॉल में बीएड कॉलेज डोमचांच का दबदबा वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बीएड कॉलेज डोमचांच ने खिताब अपने नाम किया, जबकि रनर-अप सेक्रेड हार्ट स्कूल रहा। कबड्डी से लेकर राइफल शूटिंग तक विजेताओं का सम्मान कार्यक्रम में कबड्डी, राइफल शूटिंग, बैडमिंटन, गतका, जूडो, लगोरी और खो-खो जैसे खेलों के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के समापन पर केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने का निरंतर प्रयास हो रहा है। ओलंपिक और पैरालंपिक में हमारे खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। सांसद खेल महोत्सव का आयोजन देशभर में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना साकार करने में हमारे युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी प्रगति करना आवश्यक है। हमारा उद्देश्य खिलाड़ियों को अवसर देना है ताकि वे अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।उन्होंने बताया कि सांसद खेल महोत्सव का आयोजन पिछले चार वर्षों से हो रहा है। गिरिडीह जिले में भी जल्द ही एक और कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों का जोश देखते ही बनता था।केंद्रीय मंत्री ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, आप शिक्षा के साथ खेलों में भी आगे बढ़ें और देश को गर्व का अहसास कराएं।मौके पर विधायक डॉ. नीरा यादव, रमेश सिंह, लक्ष्मण यादव, अनुप जोशी, राजकुमार यादव,मयंक यादव, सतनारायण यादव, प्रो. राजेश सिंह,शिवेंद्र नारायण सिन्हा,नितेश चंद्रवंशी, वीरेंद्र मेहता, संजय शर्मा, कृष्ण ब्रह्मपुरीया,चंद्रशेखर जोशी, बंटी सिन्हा, धर्मेंद्र सिंह,मनोज सिंह, धीरज पाण्डेय, कुंदन राणा, शैलेन्द्र सिंह,रमेश यादव, अर्जुन यादव, बासुदेव यादव, विजय राय, रवि यादव, राजेश सिंह, मनोज साव सहित सैकड़ो कि संख्या मे खेल प्रेमी मौजूद थे।

# रोटरी क्लब ने किया विधायक डॉ नीरा यादव का सम्मान

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमाः** रोटरी क्लब कोडरमा ने किया विधायक नीरा यादव का सम्मान किया है। रोटरी क्लब के सदस्यों ने सालों से व्याप्त नगर समस्या पर अपनी बातों को रखा शहर में व्याप्त ट्रैफिक जाम गंदगी बिजली पानी की समस्याओं के और ध्यान आकर्षित कराया उनके समाधान की बात कही जिस पर डॉक्टर नीरा यादव ने संज्ञान लेने की बात कही झंडा चौक मायका गली ओवर ब्रिज के नीचे स्टेशन रोड मे अतिक्रमण के कारण ट्रैफिक समस्या बहुत विकराल रूप ले रही है बार-बार कहने के बाद भी किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होती शहर का सुंदरीकरण एवं पत्थर उद्योग मायका उद्योग बदहाली के कगार पर है इस पर ध्यान देने की आवश्यकता



है आज सर्वप्रथम रोटरी भवन में कोडरमा की लोकप्रिय विधायक नीरा यादव का रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा स्वागत किया गया कार्यक्रम के अध्यक्ष अमित कुमार ने अपने स्वागत भाषण में लगातार तीसरी बार कोडरमा जिला को अपना नेतृत्व एक विधायक के रूप में देने के लिए उनको बधाई दिया एवं आए हुए अतिथियों का स्वागत किया, जॉन 8 की असिस्टेंट गवर्नर संगीता शर्मा ने उन्हें शॉल पहन कर उनका सम्मान किया ,कार्यक्रम में इनरवियर के सदस्यों द्वारा भी विधायक का स्वागत किया गया। रोटरी में किए जा रहे कार्यों को लेकर रो.संगीता शर्मा ने सभा को विस्तृत रूप में रोटरी के परमानेंट प्रोजेक्ट के बारे में बताएं । तत्पश्चात रोटरी अध्यक्ष के साथ सभी सदस्यों ने मिलकर विधायक का एक भव्य माला पहनाकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि नीरा यादव ने इतने बड़े जन समर्थन के लिए लोगों का धन्यवाद दिया. और उन्होंने कहा कि जो विश्वास आपने तीसरी बार हम पर दिखाया है आप निश्चिंत रहें कि हम आपके विश्वास पर खरे उतरेंगे और जनकल्याण के बहुत सारे कार्य मेरे दिमाग में है जिससे अभी करना है। रोटरी में हो रहे हैं कार्य की उन्होंने बहुत तारीफ किया और कहा कि समाज कल्याण के लिए रोटरी जिस तरह से हर समय उपलब्ध रहती है, यह कोडरमा जिला के लिए एक बहुत बड़ी बात है। रोटरी क्लब को जब भी मेरी जरूरत पड़ेगी मैं हमेशा आप लोगों के साथ हूं। तत्पश्चात सभागार में उपस्थित सभी सदस्यों ने जिला में व्याप्त समस्याओं का जिक्र किया। जिसमें मायका उद्योग पानी की समस्या, ट्रैफिक की समस्या, सड़क निर्माण में हो रहे त्रुटियो का जिक्र, शहर का सौंदर्यकरण आदि कई महत्वपूर्ण सवालों पर विधायक बहुत ही सकारात्मक जवाब दिए। प्रसिद्ध गायकनवीन पांड्या ने मधुर संगीत से शमा बना दिया, इस कार्यक्रम का मन संचालन सचिव प्रवीण मोदी ने किया, सभा में ड्रा के माध्यम से निकले लकी रोटेरियन महेश दारूका को अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया, रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा कार्यक्रम के अंत में विधायक महोदया नीरा जी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया धन्यवाद ज्ञापन पूर्व अध्यक्ष रितु सेठ ने दिया, कार्यक्रम में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष जेपीएन. बरनवाल, पूर्व अध्यक्ष सुरेश जैन राजेंद्र मोदी, महेश दारूका, जयकुमार गंगवाल, कुमार पुजारा, विकास सेठ कमल जैन सुरेश शेट्टी अनिल खाटू वाला सुधीर सेठ, डॉ संतोष कुमार, इनरव्हील सचिव कंचन भदानी, सरिता विजय, माला दारूका, शिल्पी गुप्ता ,आरती आर्या व कई कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एससी/एसटी के उत्थान के लिए केंद्र और राज्य सरकार को मिलकर करना होगा काम: मुख्यमंत्री

**संवाददाता**

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची के अध्ययन भ्रमण पर आए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए गठित सात सदस्यीय संसदीय समिति के सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए मिलकर काम करना होगा।



मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले इस संसदीय समिति के अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य डॉ फग्गन सिंह कुलस्ते के साथ सदस्य डॉ मल्लू रवि (लोकसभा सांसद), वीडी राम (लोकसभा सांसद), प्रतिमा मंडल (लोकसभा सांसद), रवांग्वरा नारजारी (राज्यसभा सांसद), फूलो देवी नेताम (राज्यसभा सांसद) और देवेन्द्र प्रताप सिंह (राज्यसभा सांसद) शामिल थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं संसदीय समिति के बीच अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं समेत कई विषयों/मुद्दों पर विस्तृत विचार- विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उत्थान और विकास के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार को मिलकर काम करने पर जोर दिया।

'हमारी सरकार निरंतर कार्य करती आ रही' : मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहां अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति की एक बड़ी आबादी निवास करती है, लेकिन प्रगति के रास्ते पर उन्हें जितना आगे आना चाहिए, उसमें कहीं ना कहीं पीछे रह गए हैं। ऐसे में विकास में उनकी भागीदारी मजबूत करने के लिए ठोस नीति बनाकर उसे योजनाबद्ध तरीके से धरातल पर उतारना होगा ताकि उन्हें सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिशा में हमारी सरकार निरंतर कार्य करती आ रही है और उसके सकारात्मक परिणाम लगातार देखने को मिल रहे हैं। हमारी सरकार अनुसूचित जाति और जनजाति के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और विजन डाक्यूमेंट तथा रोड मैप तैयार कर आगे कई और ठोस कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात करने वाले संसदीय समिति के सचिव एवं एडिशनल सेक्रेटरी डी आर शेखर, डिप्टी सेक्रेटरी मोहन अरुमाला, अंडर सेक्रेटरी एन टूथांग,जॉइंट डायरेक्टर टीआरएस गोस्वामी तथा कमिटी अफसर पूजा किर्थवाल भी शामिल थे।

## आर्म्स एक्ट का फरार आरोपी गिरफ्तार



**रांची:** राजधानी रांची में कोलकाता एसटीएफ की टीम ने रांची पुलिस के साथ स्टेशन रोड के एक होटल में छापेमारी कर आर्म्स एक्ट के एक फरार आरोपी को दबोचा। चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित होटल माधवन रेसीडेंसी में छापेमारी कर आर्म्स एक्ट के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी राजेश पटेल (50 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी होटल के कमरा नंबर 108 से हुई है। आरोपी मूल रूप से गया जिला के फतेहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम निमी का रहने वाला है। गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ की टीम ने शुक्रवार को उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया। इसके बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर एसटीएफ वापस कोलकाता चली गई। जानकारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट और मोटर वाहन अधिनियम के तहत 20 दिसंबर 2024 को कोलकाता एसटीएफ थाना में केस दर्ज हुआ था। लेकिन केस का मुख्य आरोपी राजेश पटेल फरार चल रहा था।अनुसंधान के दौरान राजेश पटेल का लोकेशन राँची के स्टेशन रोड स्थित एक होटल में मिला। इसके बाद एसटीएफ की टीम गुरुवार की देर रात राँची पहुंची और चुटिया पुलिस के सहयोग होटल में छापा मारा। इस मामले में चुटिया थाना के सब इंस्पेक्टर (थाना प्रभारी प्रभार में) जितेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि कोलकाता पुलिस गुरुवार की देर रात पहुँचीं और सहयोग मांगा। चुटिया पुलिस के सहयोग से स्टेशन रोड स्थित होटल माधवन रेसीडेंसी के कमरा नंबर 108 से कोलकाता एसटीएस की टीम ने थाना कांड संख्या- 20/24,धारा-61(2) बी।एन।एस। एवं 25 (1-इ) ( )/29/35 आर्म्स एक्ट परिवर्तित धारा-204 बी।एन।एस।एवं 207 मोटर वाहन अधिनियम के मुख्य आरोपी राजेश पटेल उम्र करीब 50 वर्ष,पिता स्व।रामलखन प्रसाद,ग्राम-निमी, पोस्ट भरे,थाना फतेहपुर, जिला-गया,(बिहार) को विधिवत गिरफ्तार किया गया है।

## पूर्व पार्षद के पति के हत्यारों को सजा 22 को

**रांची :** 16 अप्रैल 2022 को पूर्व वार्ड पार्षद सलाउद्दीन संजू के भाई और तत्कालीन महिला पार्षद शबाना के पति रिंकू की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में तीन अभियुक्तों को कोर्ट ने दोषी करार दिया है। कोर्ट इस मामले में 22 जनवरी 2025 को सजा सुनाएगी।

## एचएम पब्लिक स्कूल में मेधा स्वास्थ्य सह रक्तदान शिविर



### विधायक सीपी सिंह ने किया उद्घाटन

**रांची:** स्वर्गीय आनंद कुमार के 53वें जन्मदिवस के अवसर एच एम पब्लिक स्कूल चुटिया में मेधा स्वास्थ्य सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सीपी सिंह विधायक राँची ने किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्त दान महादान होता है, एक यूनिट रक्त से 4 लोगों की जान बचायी जा सकती है। स्वराज के माध्यम से पिछले चार वर्षों से जो स्वास्थ्य शिविर आनन्द कुमार की याद में किया जा रहा है यह बहुत अच्छी बात है। विशिष्ट अतिथि डॉ शेखर ( काजल) अध्यक्ष इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कहा कि मैं प्रति वर्ष इस विद्यालय में आता हूँ तो मुझे बहुत बड़ा सुकून मिलता है कि एक विद्यालय शिक्षा के साथ गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा भी करती है। डॉ विन्देश्वर उरांव, महामंत्री, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा सह निदेशक सेवन स्टार अकादमी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जिस तरह एचएम पब्लिक स्कूल का नाम शिक्षा के क्षेत्र में है उसी तरह समाज सेवा में भी आप लोग बहुत अग्रसर हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में भगवान महावीर आई हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ शिवानन्द प्रसाद भी शामिल थे।

निःशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च एक्टिविटी इन झारखण्ड (स्वराज) की ओर से किया गया है। रिम्स के डॉ कविता देवघरिया एवं डॉ चंदन कुमार के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 31 यूनिट रक्त इक्ट्ठा किया गया। भगवान महावीर नेत्र अस्पताल, बरियातू के सहयोग से डॉ अंकित कुमार और डॉ लालेश्वर कुमार के सहयोग से 120 लोगों नेत्र जांच किया गया। दंत परीक्षण श्रीटूथ केअर की डॉ शिप्रा साह घोष एवं उनके टीम द्वारा किया गया। कुमार डायग्नोस्टिक सेंटर लोअर चुटिया की विश्व भारती एवं उनके टीम के द्वारा मधुमेह जांच बी पी जांच किया गया। एवर केअर मल्टीस्पेसिलिटी हॉस्पिटल मकचुंद टोली के द्वारा साधारण रोग, महिला रोग, पुराने बीमारियों की जांच डॉ आदित्य नारायण सिंह एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। इस शिविर से सैकड़ों लोगों ने लाभ लिया।

विद्यालय द्वारा चार विशेष छात्रों को विशिष्ट सेवा अवार्ड से सम्मानित किया गया जिसमें आदर्श कुमार महतो, दीपक कुमार, श्रेया कुमारी, कविता कुमारी थे।

मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों द्वारा 53 लोगों के बीच कम्बल वितरण, स्वेटर वितरण किया गया।

विदित हो कि स्मृति शेष आनंद कुमार खुद रक्तदाता, सोशल एक्टिविस्ट के साथ एचएम पब्लिक स्कूल के संस्थापक में से एक रहे हैं जो कोविड काल में गुजर गए, आनन्द सर का इस वर्ष 53 वां अवतरण दिवस है, कार्यक्रम का संचालन अरविंद कुमार प्राचार्य द्वारा किया गया, स्वागत भाषण डॉ मोहन प्रकाश ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन अंजली सेन ने किया। कार्यक्रम कुमार कमलेश, पूनम, संयुक्ता कुमारी, अनामिका सिंह, रणजीत कुमार, सती सिन्हा, बासुदेव कुमार, रवि कुमार, संगीता चौहान, सुप्रभा , मनीषा, सरिता, गोविंद, शुभम, पुनीत, सुजाता, पुष्पा, सोनी, सरोज, जया, काजल, ज्योति, सुमन, संतोषी, नीलम, शोभा, कल्पना, पल्लवी, मीना, प्रीति, बबिता, बीना, गौतम, नीलेश, मंजू, पुष्पा, रानी, मनिषा के साथ अनेक लोगों के योगदान से शिविर का सफल आयोजन किया गया।

## विधानसभा की 25 समितियों का पुनर्गठन , अधिसूचना जारी

**मेट्रो रेज**

**रांची:** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने विधानसभा की 25 समितियों का पुनर्गठन किया है। इसके लिए सभापति और सदस्यों के नामों की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

अधिसूचना के अनुसार, गांडेय की झामुमो विधायक कल्पना सोरेन को महिला एवं बाल विकास समिति का सभापति बनाया गया है। बरही के भाजपा विधायक मनोज कुमार यादव को लोकलेखा समिति की जिम्मेदारी दी गई है। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो विशेषाधिकार समिति, नियम समिति और याचिका समिति के सभापति होंगे।

### प्रमुख समितियों के नए अध्यक्ष

- सत्येंद्र नाथ तिवारी (भाजपा, गढ़वा)- सामान्य प्रयोजन समिति।
- हेमलाल मुर्मू (झामुमो, लिट्टीपाड़ा) - प्राक्कलन समिति।
- निरल पूर्ति (झामुमो, मझगांव) सरकारी उपक्रम समिति।
- अरूप चटर्जी (माले, निरसा) - सरकारी आश्वासन समिति।
- बसंत सोरेन (झामुमो, दुमका)- प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति।
- प्रदीप यादव (पोड़ैयाहाट) - जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति।
- रामेश्वर उरांव (कांग्रेस, लोहरदगा) - आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति।
- उमाकांत रजक (झामुमो, चंदनक्यारी) - निवेदन समिति।
- स्टीफन मरांडी (महेशपुर) अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति।
- रामचन्द्र सिंह (मनिका, कांग्रेस) - सदाचार समिति।
- नीरा यादव (कोडरमा, भाजपा) पुस्तकालय विकास समिति।
- उदयशंकर सिंह (सारठ, झामुमो) - पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति।
- चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह (रांची, भाजपा) - विधायक निधि अनुश्रवण समिति।
- भूषण तिर्की (गुमला, झामुमो) - शून्यकाल समिति।
- राज सिन्हा (धनबाद, भाजपा)- गैर सरकारी संकल्प समिति।
- सुरेश पासवान (देवघर, राजद) अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति।
- सविता महतो (ईचागढ़, झामुमो) - युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति।

दशरथ गगराई (खरसावां, झामुमो) - आवास समिति।

- सरयू राय (जमशेदपुर पश्चिम, निर्दलीय) - प्रत्यायुक्त समिति।
- विकास मुंडा (तमाड़, झामुमो) - खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले समिति।

## भव्य नगर संकीर्तन सह भागवत कथा कल

**रांची:** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज रांची जिला के पूर्व अध्यक्ष एवं छात्र क्लब ग्रुप के मुख्य संयोजक संतोष कुमार के पुनदाग लक्ष्मीनगर स्थित आवास के गृह प्रवेश के प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर पुनदाग लक्ष्मी नगर में एक दिवसीय भव्य नगर संकीर्तन सह भागवत कथा का आयोजन 19. 01. 2025,दिन रविवार,समय 12:00 बजे से 3:00 बजे तककिया गया हैं। नगर संकीर्तन सह भागवत कथा वाचन भक्ति वेदांत विद्याभवन गुरुकुल कुटाम सिल्ली के कथाकार श्रीमान श्री दास गदाधर दास द्वारा की जाएगी। मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संतोष कुमार ने कहा देश,राज्य,घर एवं परिवार की खुशहाली के लिए भागवत कथा का आयोजन किया गया है सभी भक्तों एवं समाज से आग्रह है कि समय पर आकर भागवत कथा का श्रवणपान करें और पुण्यकी भागी बने वही छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकिशोर शर्मा ने कहा नगर संकीर्तन एवं भागवत कथा की पूरी तैयारी चल कर ली गई है।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य बिजली इंजीनियर (निर्माण), उत्तर-पश्चिम रेलवे, जोधपुर निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली निविदा-दोहरी पैकेट पद्धति) आमंत्रित करते है। (1) निविदा सूचना संख्या: ELCJU-PSSA-24-25T07R (2) कार्य का नाम स्थान सहित: Project Supervision Services (PSS) For Works of Railways Electrification Work (OHE+PSI) of 2X25 kV OHE Traction System for proposed Doubling, Modification OHE and PSI work in existing yards/open route, Electrical General service work of power supply arrangement for station building, PF, Qtrs., FOB, Approach road, PF Shelter, Circulating area, lighting of circulating area, yard lighting, air conditioning of Admin building, lighting arrangement for pits/stabling lines/sheds & modification of LT/HT power lines etc. in c/w Luni-Samdari-Bhildi Jodhpur Division of North Western Railway under Dy. CEE/C/JU unit of Electrical (Construction)/NWR. (3) कार्य की अनुमानित लागत: ₹140902550.00/- (4) जमा की जाने वाली बयाना राशि: ₹854500.00/- (5) प्री-बिड कॉन्फ्रेंस की तिथि एवं समय: 22.01.2025 एवं 11.00 बजे (6) ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय: 19.02.2025 को 15.00 बजे तक। (7) वेबसाइट का विवरण, जहां पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती हैं: www.ireps.gov.in (8) कार्यालय ई-मेल का पता: dycaecju@gmail.com 61-DK/25

/NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

## प्रमोद भगेरिया के प्राकृतिक संतुलन के लिए किए जा रहे कार्य सराहनीय



**ज्योति पाठक**

चक्रधरपुर : प्रकृति प्रेमी एवं पौधरोपण कार्यक्रम को लक्ष्य और मुहिम के रूप में अपनाने वाले प्रमोद भगेरिया द्वारा प्राकृतिक संतुलन के लिए किए जा रहे कार्यों को जानने सुनने और लोगों के लिए प्रेरणा बनने वाले प्रमोद भगेरिया ने दूरदर्शन के कार्यक्रम में अपनी बातों को सबों के समक्ष रखा जिसे राज्य वासियों ने सराहा। दूरदर्शन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नैंसी कुमार के साथ साक्षात्कार एवं जानकारी को साझा करने के दौरान प्रमोद भगेरिया ने झारखंड की शान और पहचान हरियाली और खुशहाली बेहतर पर्यावरण तथा प्राकृतिक संतुलन के लिए पौधरोपण को काफी महत्वपूर्ण और आवश्यक बताया। निस्वार्थ भाव से इस कार्यक्रम को मील का पत्थर और ऐतिहासिक बना रहे हैं। श्री भगेरिया के कार्यों की गूँज चक्रधरपुर चाईबासा के साथ साथ पूरे झारखंड में पहुँच चुकी है।

गौरतलब हो कि कोरोना काल में पेड़ों की महत्ता को ध्यान में रखकर जीवन रक्षक पौधा वितरण एवं रोपण अभियान 2021 में प्रारंभ किया गया और सबसे बड़ी उपलब्धि की बात यह है कि अबतक कुल पचपन हजार पौधों का वितरण हो चुका है जो राज्य के लिए गौरव के साथ साथ ऐतिहासिक है।

प्रमोद भगेरिया का मानना है कि पर्यावरण हमारे जीवन का मूल आधार है पौधे और वृक्ष हमारे जीवन रक्षक हैं।

**उपायुक्त-सह-दण्डाधिकारी का कार्यालय ,गुमला**
**(समाज कल्याण शाखा)**
ईमेल -awc3.monitoring@gmail.com

**आम सूचना**

वन स्टॉप सेन्टर, गुमला में सभी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सलाह, सहायता मार्गदर्शन एवं संरक्षण प्रदान किया जाता हैं।

**वन स्टॉप सेन्टर में प्रदत सेवांए:-**

- आश्रय सुविधा सिर्फ पाँच दिनों तक।
- मनोचिकित्सकीय परामर्श।
- स्वास्थ्य सुविधा।
- पुलिस सहायता।
- पारिवारिक परामर्श।

उपरोक्त सभी सुविधांए एक छत के नीचे एवं निशुल्क उपलब्ध कराया जाता हैं।

पीड़ित महिलाएं निम्न पते पर सम्पर्क कर सकते हैं:-
महिला हेल्पलाइन नम्बर - 181
वन स्टॉप सेन्टर, गुमला
करमटोली, पो0+था0- गुमला, जिला- गुमला(झारखण्ड),
फोन न0- (802088590)

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
गुमला

PR 344491 Women, Child Development & Social Security(24-25).D

## डीआईजी अजय लिंडा की पहचान हैं उनके उत्कृष्ट कार्य

**विनय मिश्रा**

भारतीय पुलिस सेवा 2008 बैच के लोकप्रिय ,कर्मठ एवं उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले आईपीएस अधिकारी की बात चलती है तो अजय लिंडा का नाम स्वतः ही जुबां पर चला आता है अपने बेहतर कार्य प्रणाली एवं उपलब्धि के फल स्वरुप श्री लिंडा पूरे राज्य में लोकप्रिय आईपीएस अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं भारतीय पुलिस सेवा 2008 बैच के अधिकारी श्री लिंडा के नाम यह भी रिकॉर्ड है कि वह राज्य के सर्वाधिक जिला में पुलिस कप्तान के रूप में पदस्थापित रहे हैं ।





श्री लिंडा जमशेदपुर के सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी के साथ-साथ पाकुड़, गोड्डा ,लातेहार ,पलामू के साथ-साथ पश्चिम सिंहभूम जिला के लोकप्रिय पुलिस कप्तान के रूप में पदस्थापित रह चुके हैं ।

श्री लिंडा के पश्चिम सिंहभूम में पुलिस कप्तान रहते उनकी पदोन्नति हुई और वे कोल्हान के डीआईजी बनाए गए डीआईजी के रूप में उनके द्वारा इस प्रमंडल में किए गए कार्य अपने आप में आज भी उपलब्धि और कामयाबी के रूप में पहचाने जाते हैं ।

श्री लिंडा की यह विशेषता रही कि उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सघन परिभ्रमण के साथ-साथ लोगों के साथ सीधा संवाद कर तथा ग्रामीणों के बीच पुलिस की छवि को बेहतर बनाने का हर संभव प्रयास किया और उसमें वह सफल भी रहे मानकी मुंडा के साथ बेहतर संबंध स्थापित करना और उन्हें सम्मानित करना तथा मेधावी छात्रों को भी उनके द्वारा जिस प्रकार से प्रोत्साहित किया गया वह अपने आप में एक रिकॉर्ड है और पुलिस की छवि को बेहतर बनाने में भी वह सफल रहे इसी का यह परिणाम रहा की श्री लिंडा पश्चिम सिंहभूम जिला के पुलिस कप्तान के रूप में काफी लोकप्रिय और डीआईजी के रूप में भी उनकी विशिष्ट कार्य शैली हमेशा लोगों के बीच प्रशंसनीय रहा ।

वर्तमान समय में श्री लिंडा ने गृहरक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं रांची डीआईजी के रूप में एक मार्च 2024 को पदभार ग्रहण किया और अपने महज दस माह के कार्यकाल में इन्होंने विभाग को बेहतर गति और उपलब्धि भी दिलाई है जिससे विभाग को एक बेहतर पहचान भी मिली है

ऐसे कुशल और कर्मठ आईपीएस से राज्य और विभाग दोनों गौरवान्वित होते हैं।

**झारखण्ड सरकार**
**जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी**

**प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु द्वितीय अति अल्पकालीन आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय के पत्रांक 610 दिनांक 27/05/2020 के आलोक में खूँटी जिला के मात्स्यिकी से जुड़े अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्ति, मत्स्य कृषक (मात्स्यिकी से जुड़े) को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 अन्तर्गत दो योजनाओं हेतु चयनित लाभुकों के द्वारा कार्य प्रारम्भ नही किये जाने के कारण उनके प्रस्तावित कार्य को रदद् करते हुए मत्स्य विभाग, खूँटी द्वारा "प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना" हेतु पुनः आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

उक्त योजना का मुख्य उद्देश्य मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, गुणवत्ता, तकनीकी, आधारभूत संरचना एवं प्रबंधन के अंतर को पाटना मूल्य श्रृंखला का आधुनिकीरण एवं सुदृढीकरण, मजबूत मत्स्य पालन प्रबंधन ढांचा का स्थापना एवं मछुआरों का कल्याण है। जिससे मत्स्य कृषकों की आय दोगुनी होगी और इस प्रकार यह सामाजिक, भौतिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में सहायक होगा। इस योजना के अन्तर्गत लाभुक-चिन्हित कार्यक्रमों की सूची निम्न है :-

| क्र० सं० | प्रस्तावित कार्य | कोटि | भौतिक लक्ष्य | इकाई लागत (लाख रू० में) | सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान की राशि (लाख रू० में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अनु० जाति/अनु० जनजाति/महिला (इकाई लागत का 60%) | लाभुक का अंशदान (इकाई लागत का 40%) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | बैक्यार्ड सजावाटी/रंगीन/अलंकारी/मछलियों की रियरिंग इकाई (वित्तीय वर्ष 2023-24) | अनु0 जनजाति | 01 | 3.00 | 1.80 | 1.20 |
| 2. | 04 मी0 व्यास 01 मी0 ऊँचाई के 25 टैंक वाले मध्यम बायोफ्लॉक की स्थापना (वित्तीय वर्ष 2023-24) | महिला | 01 | 25.00 | 15.00 | 10.00 |

उक्त योजना अन्तर्गत प्रस्तावित कार्य, विस्तृत विवरणी, इकाई लागत तथा योजना हेतु अन्य आवश्यक मापदण्डों की विस्तृत विवरणी मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के बेवसाईट www.jharkhandfisheries.org पर भी उपलब्ध है। प्रत्येक कार्य हेतु भारत सरकार द्वारा तय अहर्त्ताओं के अनुरूप आवश्यकतानुसार भूमि एवं डी0पी0आर0 (विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन) लाभुकों को स्वंय के व्यय पर उपलब्ध कराना होगा एवं आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। विशेष जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में संपर्क कर सकते है। लाभ लेने हेतु खूँटी जिला के मात्स्यिकी से जुड़े अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों से पूर्व में विज्ञापन सं0 PR 342395 Fish (24-25)_D के द्वारा आवेदन आमंत्रित किये गये थे किन्तु आवेदन अपर्याप्त/अप्राप्त होने के कारण दिनांक 25/01/2025 तक जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में पुनः आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन का प्रपत्र कार्यालय मे निःशुल्क उपलब्ध है।

नोट :- 1. योजना की स्वीकृति जिला स्तरीय समिति से लाभुक चयन होने के उपरांत ही उसे कार्य रूप दिया जाएगा।
2. पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर लाभुक का चयन किया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी

PR 344534 Fish (24-25)_D

## सुविचार

**एक सफल व्यक्ति बनने की कोशिश मत करो, बल्कि मूल्यों पर चलने वाले व्यक्ति बनो**

## शांति पर सहमति

**इजरायल** और हमास के बीच गाजा में युद्धविराम समझौते को लेकर सहमति बनने की खबर हर लिहाज से राहत देने वाली है। हालांकि अभी तक दोनों पक्षों की तरफ से समझौते की औपचारिक घोषणा नहीं हुई है लेकिन माना जा रहा है कि आखिरी पलों में थोड़े और मान-मनौव्वल की जरूरत भले पड़े, समझौते पर अमल शुरू हो जाएगा। इस सहमति के पीछे अमेरिका की भूमिका तो है ही, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का इसमें निजी दिलचस्पी लेना भी खासा महत्वपूर्ण साबित हुआ है। उन्होंने पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी कि उनके पद ग्रहण करने से पहले बंधक छोड़ दिए जाने चाहिए। सहमति बनने की घोषणा भी सबसे पहले ट्रंप ने ही की।

यह शांति अच्छी खासी कीमत देने के बाद हासिल हो रही है। 7 अक्टूबर 2023 को हमास की ओर से इजरायल में किए गए जिस आतंकी हमले से यह जंग शुरू हुई उसमें 1200 लोग मारे गए थे और 250 लोग बंधक बना लिए गए थे। उसके बाद गाजा पर की गई इजरायली कार्रवाई में 46000 लोग मारे जा चुके हैं। गाजा की 90 फीसदी आबादी विस्थापित हो चुकी है। लेबनान, सीरिया, यमन और इराक तक इस संघर्ष की चपेट में आ चुके हैं और इस बात का डर लगातार बना रहा कि कहीं इजरायल और ईरान में सीधा युद्ध न शुरू हो जाए। स्वाभाविक ही शांति की यह संभावना न केवल मध्यपूर्व के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए राहत बनकर आई है।

हालांकि इस कथित सहमति को लेकर कई सारे सवाल बने हुए हैं। कहा जा रहा है कि अगर सहमति पर दोनों पक्ष कायम रहे और इस पर अमल शुरू हुआ तो भी इस बात की गारंटी नहीं है कि इससे स्थायी शांति कायम हो ही जाएगी। पहले छह हफ्ते के युद्धविराम के दौरान जहां 33 बंधक छोड़े जाने हैं, वहीं स्थायी युद्धविराम की शर्तों पर बातचीत शुरू होनी है। आगे चलकर सारे बंधक छोड़े जाने की बात है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उनमें से कितने जीवित हैं। युद्धविराम के बाद गाजा में शासन की क्या और कैसी व्यवस्था होगी, यह भी तय होना बाकी है। बहरहाल, यह सहमति शांति के लिए एक अच्छा मौका है। उम्मीद की जानी चाहिए कि दुनिया की तमाम शांतिकामी शक्तियां इस मौके को जाया नहीं होने देंगी।

## सफल चुनाव के बाद अब राज्य का दर्जा

**कश्मीर की** हड्डियां जमा देने वाली ठंड में सोमवार को सोनमर्ग सुरंग के उद्घाटन के मौके पर जिस तरह से रिश्तों की बर्फ पिघलती दिखी, उसे निश्चित रूप से एक शुभ संकेत कहा जा सकता है। उस उद्घाटन समारोह में ऐसा बहुत कुछ था, जो जम्मू-कश्मीर के बेहतर भविष्य को लेकर आश्वस्त कर रहा था।

लंबे अर्से बाद दुनिया ने जम्मू-कश्मीर की वह तस्वीर देखी, जब एक महत्वपूर्ण विकास परियोजना के उद्घाटन के लिए आए प्रधानमंत्री का स्वागत एक निर्वाचित मुख्यमंत्री कर रहे थे। जम्मू-कश्मीर में पिछले साल हुए चुनाव के बाद यह प्रधानमंत्री का पहला कश्मीर दौरा था। उस मौके पर जिन शब्दों में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पीएम मोदी की तारीफ की, उसकी राजनीतिक अहमियत की भी अनदेखी नहीं की जा सकती।

ध्यान रहे, उमर अब्दुल्ला सिर्फ जम्मू-कश्मीर के सीएम ही नहीं, नैशनल कॉन्फ्रेंस के नेता भी हैं, जो विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A. का हिस्सा है। इसके बावजूद उमर ने पीएम मोदी को वादा निभाने वाला नेता बताया और यह उम्मीद जताई कि वह जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने का अपना वादा भी जल्दी ही पूरा करेंगे। यही नहीं, जो उमर चुनाव में धांधली का अंदेशा जताते रहते थे, उन्होंने पीएम मोदी को जम्मू-कश्मीर में पूरी तरह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का श्रेय भी दिया।

गौर करने की बात है कि दो दिन पहले ही उमर ने **I.N.D.I.A.** ब्लॉक के कामकाज के तरीकों पर सख्त एतराज जताते हुए यहां तक कह दिया था कि अगर यह ऐसे ही चलना है तो इसे भंग कर देना चाहिए। भले ही इसे नैशनल कॉन्फ्रेंस के **I.N.D.I.A.** से बाहर आने का संकेत न माना जाए, लेकिन यह नई दिल्ली से अपने रिश्तों को सहज करने का प्रयास तो है ही।

आश्चर्य नहीं कि पीएम मोदी ने भी मुख्यमंत्री के इन प्रयासों को संज्ञान में लेते हुए अपने भाषण में यह बात दोहराई कि वह अपने वादे निभाते हैं और यह वादा भी निभाएंगे। हालांकि उन्होंने कोई समय सीमा देने से परहेज किया, लेकिन चूंकि सभी पक्ष पहले से ही इसके हक में हैं, इसलिए बेहतर होगा केंद्र इस मामले में अब और ज्यादा देर न करते हुए जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दे।

# परिणामों पर प्रयास को प्राथमिकता देना योग्यता के सिद्धांत को चुनौती

रिकॉर्ड तोड़ने के दबाव का सामना करने वाले एथलीट के कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय डोपिंग का सहारा लेने का खतरा रहता है। परिणामों पर जोर देने से क्रमिक शिक्षा और सुधार का महत्व कम हो जाता है, जिससे सफलता अस्थिर हो जाती है। ऋषभ पंत जैसे क्रिकेटर, जिनकी शुरुआत में अस्थिर प्रदर्शन के लिए आलोचना की गई थी, उन्होंने समय के साथ लगातार सुधार करके सम्मान प्राप्त किया।

**डॉ सत्यवान सौरभ**

सफलता सार्वजनिक उत्सव होती है, जबकि असफलता व्यक्तिगत विपत्ति। सफलता में लोग साथ होते हैं, जबकि असफलता में लोग साथ छोड़ देते हैं। हालांकि, असफलता से सीखने और बढ़ने का मौका मिलता है। सफलता सार्वजनिक उत्सव है जबकि असफलता व्यक्तिगत शोक एकदम सत्य लिखा है। दो ऐसे शब्द जो हर व्यक्ति के जीवन में बहुत मायने रखते हैं। पहला शब्द सफलता जिसको हर कोई प्राप्त करना चाहता है जबकि दूसरा शब्द असफलता जिससे हर व्यक्ति दूर रहना चाहता है। सफलता जब प्राप्त होती है तो घर-परिवार सब खुश होता है लेकिन असफलता का सामना आपको अकेले करना पड़ता है। अगर आप सफल हो गए तो समाज में आपकी इज्जत होगी, लोगों का आपके साथ व्यवहार परिवर्तित हो जायेगा लेकिन असफल रहने पर आपको बेरोजगार, ठलुआ जैसी संज्ञा मिलेगी। यह भी मायने रखता है कि आपने सफलता प्राप्त करने के लिए कितना प्रयत्न किया? यदि आपने पूरे समर्पण भाव से मेहनत की है फिर भी आप अपने मनपसंद क्षेत्र में सफल नहीं हुए तो ये मान लीजिए कि आपने अपने सपने को पूरा करने के लिए जो ज्ञानार्जन किया है वह आपके भावी जीवन में बहुत काम आने वाला है। वही ज्ञान किसी अन्य क्षेत्र में आपके भविष्य निर्माण में सहायक हो सकता है।

परिणाम संचालित समाज में प्रयास अक्सर परिणामों के पीछे चला जाता है। परिणामों पर प्रयास को प्राथमिकता देना योग्यता के सिद्धांत को चुनौती देता है। खेलों में प्रयास दृढ़ता, अनुशासन और निष्पक्षता को दशार्ता है, जो प्रदर्शन पर प्रक्रिया पर जोर देता है। यह दृष्टिकोण मानसिक लचीलापन और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देता है जबकि डोपिंग और मैच फिक्सिंग जैसी अनैतिक प्रथाओं के दबाव को कम करता है। नैतिक मूल्यांकन को मापने योग्य परिणामों के साथ प्रयास के आंतरिक मूल्य को संतुलित करना चाहिए। मापे जाने वाले परिणामों के प्रति जुनून, समाज मात्रात्मक सफलता को प्राथमिकता देता है, अक्सर प्रयास के आंतरिक मूल्य और यात्रा में दृढ़ता को अनदेखा करता है। माता-पिता बच्चे के परीक्षा अंकों की प्रशंसा करते हैं लेकिन शायद ही कभी अध्ययन या अवधारणाओं को समझने में बिताए गए समय को स्वीकार करते हैं। परिणामों पर लगातार ध्यान केंद्रित करने से अनावश्यक दबाव बनता है, जिससे तनाव होता है और सुधार या सीखने के लिए आंतरिक प्रेरणा कम हो जाती है।

रिकॉर्ड तोड़ने के दबाव का सामना करने वाले एथलीट के कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय डोपिंग का सहारा लेने का खतरा रहता है। परिणामों पर जोर देने से क्रमिक शिक्षा और सुधार का महत्व कम हो जाता है, जिससे सफलता अस्थिर हो जाती है। ऋषभ पंत जैसे क्रिकेटर, जिनकी शुरूआत में अस्थिर प्रदर्शन के लिए आलोचना की गई थी, उन्होंने समय के साथ लगातार सुधार करके सम्मान प्राप्त किया। परिणाम-उन्मुख मानसिकता शॉर्टकट या अनैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देती है, जिससे निष्पक्षता और खेल भावना खत्म हो जाती है। बॉल-टैम्परिंग जैसे मामले ईमानदारी पर जीत को प्राथमिकता देने की मानसिकता को दशार्ते हैं। समाज विजेताओं का महिमामंडन करता है लेकिन प्रतिभागियों के प्रयासों की उपेक्षा करता है, जिससे खेलों की समावेशिता और एकीकृत भावना कमजोर होती है। कम प्रसिद्ध ओलंपियन जो सर्वश्रेष्ठ देते हैं लेकिन पदक जीतने में विफल रहते हैं, उन्हें स्वर्ण पदक विजेताओं की तुलना में कम मान्यता मिलती है।

निष्पक्षता और समावेशिता को बढ़ावा देना, प्रयास को महत्व देना सुनिश्चित करता है कि सभी प्रतिभागियों को मान्यता प्राप्त हो, एक समावेशी और सहायक वातावरण को बढ़ावा मिले। पैरालिंपिक खेल दृढ़ता और प्रयास को उजागर करते हैं, पदकों पर भागीदारी पर जोर देते हैं। प्रयास को प्राथमिकता देने से व्यक्तियों को दृढ़ता, विनम्रता और भावनात्मक शक्ति का निर्माण करने में मदद मिलती है, जो व्यक्तिगत विकास के लिए महत्त्वपूर्ण है। नीरज चोपड़ा की विनम्रता और प्रतियोगियों के प्रति सम्मान सिर्फ उनके भाला फेंक रिकॉर्ड से कहीं ज्यादा मनाया जाता है। प्रयास पर ध्यान केंद्रित करने से कौशल वृद्धि और निरंतरता को बढ़ावा मिलता है, जिससे खेलों में स्थायी उपलब्धियाँ मिलती हैं। विराट कोहली की अनुशासित प्रशिक्षण दिनचर्या स्थायी सफलता प्राप्त करने में प्रयास के महत्त्व को दशार्ती है। परिणामों से ज्यादा प्रयास को महत्त्व देने से नैतिक व्यवहार और नियमों के प्रति सम्मान को बढ़ावा मिलता है, जिससे खेलों में निष्पक्षता सुनिश्चित होती है।

उदाहरण के लिए सचिन तेंदुलकर का स्लेजिंग में शामिल होने से इनकार करना क्रिकेट में अल्पकालिक लाभ की तुलना में नैतिकता को उजागर करता है। प्रयास को स्वीकार करने से सहानुभूति, सहयोग और एकता जैसे मूल्य पैदा होते हैं, जो एक परिपक्व और नैतिक समाज में योगदान करते हैं। 2019 क्रिकेट विश्व कप सेमीफाइनल में भारत के प्रयासों का जश्न मनाने वाले प्रशंसकों ने परिणामों से ज्यादा प्रयास की सराहना करने की ओर एक बदलाव दिखाया। परिणामों से ज्यादा प्रयास को महत्त्व देने से नैतिक सिद्धांतों को बढ़ावा मिलता है, खेलों में निष्पक्षता और समावेशिता की संस्कृति का पोषण होता है। यह दीर्घकालिक चरित्र निर्माण को बढ़ावा देता है और अनैतिक शॉर्टकट को रोकता है। हालांकि, एक सूक्ष्म दृष्टिकोण महत्त्वपूर्ण है, जो यह सुनिश्चित करता है कि प्रयास कौशल विकास और प्रदर्शन लक्ष्यों के साथ संरेखित हों, ताकि प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बनाए रखा जा सके और साथ ही खेल कौशल और अखंडता को बढ़ावा दिया जा सके।

कभी-कभी हम अपने जीवन को सफल बनाने के लिए कुछ महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हैं। अपना सबकुछ दांव पर लगाकर आगे बढ़ते हैं, पूरे जी जान से मेहनत करते हैं ताकि कुछ अच्छा हो लेकिन यह जरूरी नहीं कि आप सफल हो ही जाएँ। सफलता और असफलता दोनों के मौके समान रहते हैं। आप सफल हुए तो आपके अबतक के संघर्ष पर पूर्ण विराम लग जाएगा लेकिन दूसरी स्थिति बहुत विकट होती है जब आप अपनी मेहनत को डूबता हुआ देखते हैं। युवाओं के लिए यह स्थिति और भी ज्यादा खराब होती है क्योंकि वह ऐसी स्थिति का सामना जीवन में पहली बार कर रहे होते हैं। ऐसे समय में धैर्य और संयम के साथ आगे बढ़ना ही सर्वोत्तम उपाय है। ऐसे व्यक्ति को जीवन में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। ऐसे ही हिम्मती और धैर्यवान लोगों के लिए लिखा गया हैझकोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# भारत के लिए चेतावनी है कैलिफोर्निया की जंगल की आग

कैलिफोर्निया में जंगल की आग, भारत के लिए कड़ी चेतावनी है। भारत के लिए सबक जलवायु परिवर्तन शमन है। भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के दीर्घकालिक प्रभावों को कम करने के लिए महत्वाकांक्षी जलवायु कार्यवाही को प्राथमिकता देनी चाहिए, जिसमें अधिक लगातार और तीव्र चरम मौसम की घटनाएँ शामिल हैं।

**प्रियंका सौरभ**

पिछले हफ़्ते से लॉस एंजिल्स में अग्निशामक दल विनाशकारी जंगल की आग को बुझाने के लिए हताशा से भरी मुहिम में जुटे हुए हैं। इस दावानल ने कई लोगों की जान ले ली और दो लाख से ज्यादा निवासियों को विस्थापन के लिए मजबूर कर दिया है। आग ने प्रशांत पैलिसेड्स और अल्ताडेना जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में कहर बरपाया है। इस आपदा ने घरों, पूजास्थलों और महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे को बर्बाद कर दिया है, जिससे कई लोगों को आश्रयों में रहना पड़ा है और हजारों लोग बिना बिजली के रह गए हैं। आग से हुए आर्थिक नुकसान की स्थिति चौंकाने वाली है। अनुमान के मुताबिक $135 बिलियन से $150 बिलियन के बीच यह नुकसान है। यह अमेरिका के इतिहास में दावानल से होने वाला सबसे बड़ा आर्थिक नुकसान है। इस विनाशकारी आग से मिट्टी की उर्वरता, जल प्रणालियों, वन्य जीवों के नुकसान और वायु पर पड़े खराब गुणवत्ता का असर लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। कैलिफोर्निया में शहरी प्रबंधन पर सवाल उठ रहे हैं। बढ़ते वैश्विक तापमान और लंबे समय तक सूखे ने जंगल की आग के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ पैदा की। वन क्षेत्रों में अतिक्रमण ने जानमाल के लिए जोखिम बढ़ा दिया। पुराने विद्युत ग्रिड और खराब तरीके से प्रबंधित बुनियादी ढांचे ने



अक्सर जंगल में आग लगने की घटनाओं को बढ़ावा दिया, जैसा कि 2018 के कैंप फायर में देखा गया था। जंगल में आग लगने की घटनाओं का पैमाना अक्सर अग्निशमन संसाधनों और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों को प्रभावित करता है। जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों में उपनगरीय क्षेत्रों में आग को रोकने के लिए डिजाइन और जोनिंग नियमों का अभाव है। जंगल की आग से वायु की गुणवत्ता में काफी गिरावट आती है, जिससे शहरी आबादी प्रभावित होती है और सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय में वृद्धि होती है। पुनर्निर्माण की उच्च लागत और अपर्याप्त बीमा कवरेज ने कई निवासियों को आर्थिक रूप से तनाव में डाल दिया है।

कैलिफोर्निया में जंगल की आग, भारत के लिए कड़ी चेतावनी है। भारत के लिए सबक जलवायु परिवर्तन शमन है। भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के दीर्घकालिक प्रभावों को कम करने के लिए महत्त्वाकांक्षी जलवायु कार्यवाही को प्राथमिकता देनी चाहिए, जिसमें अधिक लगातार और तीव्र चरम मौसम की घटनाएँ शामिल हैं। पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में अतिक्रमण को रोके जाने की जरूरत है। शहरी गर्मी के प्रभावों को कम करने और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए हरी छतों, शहरी जंगलों और हरित स्थानों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा के लिए सख्त बिल्डिंग कोड लागू करें। समय पर अलर्ट प्रदान करने और निकासी की सुविधा के लिए उन्नत चेतावनी प्रणालियों में निवेश करें। समुदाय-आधारित आपदा तैयारी योजनाओं और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को मजबूत करें। सक्रिय वन प्रबंधन रणनीतियाँ विकसित करें जिसमें नियंत्रित जलाना और ईंधन में कमी के उपाय शामिल हों। संधारणीय भूमि उपयोग प्रथाओं को बढ़ावा दें, प्राकृतिक पारिस्थितिकी प्रणालियों की रक्षा करें और क्षरित परिदृश्यों को बहाल करें।

जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए शहरी नियोजन प्रथाओं को लागू कर और आपदा तैयारियों में निवेश करके भारत पर्यावरणीय संकटों से जुड़े जोखिमों को कम कर सकता है। भारत में जंगल की आग गंभीर चिंता का विषय है, खासकर मध्य प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ जैसे क्षेत्रों में, जहाँ शुष्क पर्णपाती वन बहुतायत में हैं। ये आग, मुख्य रूप से अप्रैल और मई में होती है, जो पर्याप्त वनस्पति और कम मिट्टी की नमी के कारण होती है। झूमिंग जैसी पारंपरिक प्रथाएँ पूर्वोत्तर भारत में जंगल की आग का कारण बनती हैं। आग की घटनाओं पर सीमित सांख्यिकीय जानकारी के कारण उपग्रह डेटा महत्त्वपूर्ण है। भारत में लगभग 90 प्रतिशत जंगल की आग मानवीय गतिविधियों के कारण होती है, जिसके लिए मजबूत रोकथाम रणनीतियों की आवश्यकता है। **(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# भ्रम में जीते हैं लोग, मानते हैं खुद को बड़ा दानी, जबकि देने वाला तो कोई और ही है

ज्ञानियों की मानें तो - इस संसार में देनहार ईश्वर के अलावा कोई भी नहीं है। जब मनुष्य के पास कुछ है ही नहीं तो फिर देने की बात ही बेमतलब है। जो धन-सम्पति मनुष्य के पास उपलब्ध है, उसे मनुष्य समझ लेता है कि वह उसका है, यह सबसे बड़ा भ्रम है।

**हम देने वाले कैसे** – जो कुछ भी हमारे पास है, वह किसी और का दिया हुआ है, तो फिर जब हमारे द्वारा किसी और के पास वह वस्तु हस्तांतरित होती है तो हम देने वाले कैसे हो सकते हैं।

**एक प्रेरक प्रसंग** – रहीम खानखाना का नियम था, कि वे प्रतिदिन गरीब याचकों को दान देते थे और देते समय वह कभी अपनी नजर दान लेने वाले पर नहीं डालते थे। वह नजर नीचे करके रूपए-पैसों के ढेर से मुट्ठी भरकर गरीबों को देते थे। अपने नियम अनुसार एक दिन जब वह गरीबों को दान दे रहे थे तो उनसे किसी ने पूछा, 'जैसे-जैसे आपका हाथ दान देने के लिए उठ रहा है, आपके नैन नीचे क्यों झुकते जा रहे हैं? तुम ऐसे दान क्यों देते हो? ऐसा तुमने कहां से सीखा?'



ऐसी देनी देन जू कित सीखे हो सैन। ज्यों-ज्यों कर ऊँचे करो, त्यों-त्यों नीचे नैन।।

इस पर रहीम ने दोहे के रूप में इसका उत्तर दिया,

***'देनहार कोउ और है, भेजत सो दिन रैन। लोग भरम हम पै धरैं, याते नीचे नैन'***

देने वाला तो कोई और ही है, जो दिन-रात दे रहा है, लेकिन लोग समझते हैं कि मैं दे रहा हूं, इसलिये मेरी आंखें अनायास ही शर्म से झुक जाती हैं। मनुष्य कहां किसी को कुछ दे सकता है, देने वाला तो दूसरा ही है, जो दिन-रात भेजता रहता है, इन हाथों से दिलवाने के लिए। लोगों को व्यर्थ ही भ्रम हो गया है कि रहीम दान देता है। मेरे नेत्र इसलिए नीचे को झुके रहते हैं कि मांगने वाले को यह भान न हो कि उसे कौन दे रहा है, और दान लेकर उसे दीनता का एहसास न हो। कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि पहले प्रश्न वाला दोहा गोस्वामी तुलसीदास का है, वहीं कुछ लोग इसे कवि गंग का मानते हैं। लेकिन प्रश्न चाहे किसी ने भी किया हो, महत्वपूर्ण बात तो रहीम के उत्तर में निहित है, कि दान देते समय या किसी की मदद करते समय हमारे मन में अभिमान नहीं बल्कि नम्रता का भाव होना चाहिए।

## सेहत

### सर्दियों में फटे होठों को हील करें

विंटर सीजन में फटे होंठों की समस्या काफी बढ़ने लगती है। जिससे काफी पेरशानी तो बढ़ जाती है, वही चेहरे की सुंदरता को भी काफी प्रभाव पड़ने लगता है। होठों की त्वचा बेहद ही पतली और नाजुक होती है और ऐसे में ठंडी हवा और कम आर्द्रता के कारण होठो से नमी कम होने लगती है। ऐसे में आप अपने होठों को देखभाल के लिए विटामिन ई कैप्सूल को एड कर सकते हैं।

**विटामिन ई और शहद**

सर्दियों में होंठों की देखभाल करने के लिए आप विटामिन ई कैप्सूल को शहद के साथ मिलाकर होंठों पर लगाने से नमी बनी रहेगी और त्वचा भी हाइड्रेट रहेगी। इसके इस्तेमाल के लिए आप विटामिन ई कैप्सूल से तेल निकालें और एक चम्मच शहद में इसे मिलाकर अच्छे से मिला लें। फिर आप होंठों पर लगाएं और इसे 15-20 मिनट तक छोड़ दें और समय पूरा होने पर पानी से साफ कर लें। इससे आपके होंठों को नमी प्रदान करता है।

**विटामिन ई कैप्सूल और नारियल का तेल**

नारियल तेल और विटामिन ई का मिश्रण त्वचा की नमी बनाए रखता है। अपने फटे होठों को जल्दी ठीक करने के लिए मदद करता है। नारियल तेल में एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो त्वचा को हेल्दी बनाए रखता है। विटामिन कैप्सूल का तेल निकालें और इसे एक चम्मच नारियल तेल में मिलाकर अच्छे से मिक्स कर सकते हैं। इसको आप रात को लगा सकते हैं फिर देखें चमत्कार। ऑलिव ऑयल और विटामिन ई कैप्सूल को एक साथ मिलाकर होंठों पर लगाने से त्वचा में नमी बनीं रहती है। ऑलिव ऑयल में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो त्वचा तो हाइड्रेटेड और हेल्दी रखते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# पंचायती राज व्यवस्था में जिला परिषद कर रहा अच्छा काम : अन्नपूर्णा देवी

## 1 करोड़ 36 लाख की लागत से दो मंजिला शॉप निर्माण का शिलान्यास, 34 दुकान का होगा निर्माण

मेट्रो रेज संवाददाता



**कोडरमा :** झुमरीतिलैया के सीएच स्कूल रोड में जिला परिषद की जमीन पर स्थानीय व्यवसायियो को जिला परिषद बोर्ड ने बड़ी सौगात दी है। शुक्रवार को जिला परिषद की जमीन पर दो मंजिला शॉप काम्प्लेक्स निर्माण का शिलान्यास किया गया।शिलान्यास कार्यक्रम में पुरोहित अनिल पांडे, रंजीत पांडे के मंत्रोचारण के पश्चात केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ नीरा यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, जिप सदस्य महेंद्र यादव, प्रमुख सुषमा देवी, डोमचांच प्रमुख सत्यनारायण यादव के अलावे डीडीसी श्री ऋतुराज, कार्यपालक अभियंता जितेंद्र कुमार जैसल ने विधि विधान से नारियल फोड़ कर एवं फीता काटकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बहुप्रतीक्षित शॉप कॉम्प्लेक्स निर्माण प्रारम्भ होने पर खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में जिला परिषद बोर्ड बेहतर कार्य कर रही है। शॉप काम्प्लेक्स निर्माण से स्थानीय व्यापारियों को लाभ होगा। जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि सीएच स्कूल रोड स्थित जिला परिषद की जमीन पर शॉप कॉम्प्लेक्स निर्माण के पीछे सतत संघर्ष का नतीजा है, उन्होंने कहा की योजना को धरातल पर उतारने के लिए हर स्तर पर चुनौतियों से लड़ना पड़ा।उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में जिला परिषद बोर्ड जनता के समर्पित है।उन्होंने कहा कि 34 दूकान निर्माण से स्थानीय व्यापारियों समेत आम लोगों को भी फायदा होगा।रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और इससे राजस्व भी बढ़ेगा।कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के बीच सामंजस्य स्थापित होने से विकास कार्य मे कोई रुकावट नही आती।उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए वे हरसम्भव सहयोग करेंगी।मौके पर जेई हेमन्त कुमार, संवेदक गुरु सहाय यादव, जिप प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव, देवनारायण यादव, सीताराम यादव, सीताराम पासवान, सीताराम यादव, शमशेर आलम, गोविंद यादव, भूपेंद्र कुमार, संजय कुमार वर्णवाल, राहुल कुमार, रंजीत सिंह, बंशी मोदी, रामचंद्र यादव, सुरेंद्र प्रसाद समेत स्थानीय लोग व दुकानदार मौजूद थे।

### 55 लाख के तीन उपस्वास्थ केंद्र का भी ऑनलाइन शिलान्यास

जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने बताया कि सीएच स्कूल के सामने शॉप काम्प्लेक्स निर्माण दो तल्ला में होगा।पहली तल्ला का लागत 81 लाख की है, जबकि दूसरे तल्ले का लागत 55 लाख होगा। वहीं जिला परिषद अंतर्गत तीन योजना का ऑनलाइन शिलान्यास किया गया।इनमें 55-55 लाख की लागत से बदडीहा, गझण्डी और इंदरवा में उपस्वास्थ केंद्र का निर्माण होना है।

# जिला स्तरीय कृषि मेला सह किसान गोष्ठी में 57 किसानों को दिया गया प्रशिक्षण प्रमाण पत्र



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** वित्तीय वर्ष 2024-25 उद्यान विकास योजना अंतर्गत जेएसएलपीएस द्वारा चयनित सखी मंडल के दीदी को आज जिला स्तरीय कृषि मेला सह किसान गोष्ठी में बरहेट प्रखंड के 57 किसानों के बीच उद्यानिकी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन कृषि विज्ञान केंद्र से माया कुमारी के हाथों द्वारा संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र दिया गया।जिला कृषि पदाधिकारी ने किसानो को उन्नत खेती कर किसान अपना आमदनी का जरिया बढ़ाएं और हमारे जिले के साथ-साथ हमारे राज्य को भी आगे करेंगे।मौके पर मौजूद जिला कृषि अभियंता राम प्रकाश, जिला मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता, बरहेट एटीएम अनवर, उद्यान विभाग से प्रेम पासवान, मुकेश कुमार, कमलेश कुमार झा, अंकित कुमार, बागवान मित्र राजेंद्र साह, सखी मंडल की दीदी एवं अन्य किसान उपस्थित थे।

# जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान कार्यक्रम हुआ

मेट्रो रेज संवाददाता




**डोमचांच (कोडरमा) :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय महासचिव एंव झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम मीर अहमद एवं झा० प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार दिन शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान के नेतृत्व में प्रखण्ड प्रखंड डोमचांच में जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान कार्यक्रम आयोजन किया गया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सह संचालन जिला उपाध्यक्ष एवं प्रखंड कांग्रेस कमिटी डोमचांच के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान मौजूद थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस नेत्री सह जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता, कार्यक्रम प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष संजय सेठ, प्रदेश प्रतिनिधि सह वरीय कांग्रेसी नेता अनवारुल हक, वरीय कांग्रेसी नेता राम लखन पाठक मौजूद थे। जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान कार्यक्रम की शुरूआत शहीदों की धरती डोमचांच शहीद स्मारक में वीर शहीदों को पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया। जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भागीरथ पासवान ने कहा कि कि जिस तरह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा लोकसभा के सदन मे बाबा साहब के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर पूरे देश के लोगों को शर्मसार किया है, तत्काल गृहमंत्री अपने पद से त्यागपत्र देकर देश के लोगों से माफी मांगे। साथ ही उन्होंने कहा कि देश के लोगों को बाबा साहब ने विरासत में दिया है भारतीय संविधान। कार्यक्रम प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष संजय सेठ ने कहा कि बाबा साहब भारत रत्न भीमराव अंबेडकर को भारत के लोग नहीं बल्कि अन्य देशों लोगों ने भगवान का दर्जा देकर उनकी पूजा करते हैं उनके प्रति देश के गृह मंत्री अमित शाह ने सदन में घटिया भाषा का प्रयोग कर घटियापन का परिचय दिया है। इससे लगता है कि कि भाजपा के लोग बाबा साहब एवं दलितों से आज भी छुआछूत एवं भेदभाव करते हैं। जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता, वरीय कांग्रेसी अनवारुल हक, वरीय कांग्रेसी नेता राम लखन पासवान ने कहा कि भाजपा मानसिकता बहुत ही खराब है इसलिए लगातार यह भारतीय संविधान के साथ छेड़छाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इनके अंदर समान भाव, समान अधिकार कोई संस्कार नहीं दिखता है यह सिर्फ दिखावा के चलते बाबा साहब के प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देते हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 पार का नारा दे रही थी इनका मनसा था कि जैसे ही ने 400 सीट मिल जाए उसके बाद यह तानाशाही रवैया से भारतीय संविधान को बदलने की कोई कसर नहीं छोड़ते लेकिन इन्हें जनता ने लोकसभा चुनाव में करारा जवाब दिया है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सहदेव सिंह बीते शुक्रवार को आकस्मिक निधन होने पर जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष भागीरथ पासवान एवं कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता ने उनके निवास स्थान पर जाकर उनके पर्थिक शरीर पर कांग्रेस पार्टी का झंडा देकर एवं पुष्प अर्पित उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया इसके साथ ही कांग्रेस प्रखंड कार्यालय डोमचांच में उनके आत्मा के शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर कार्यक्रम का समापन किया।

मौके पर सरोज मेहता, मन्ना राम आशीष मेहता, महाप्रसाद गोस्वामी गणेश पांडेय, मोहम्मद रफीक, संतोष राम संजय साव, शंकर बरनवाल, मंतोष पांडेय, संजय ठाकुर, आदर्श पासवान, दिलीप पासवान, सूरज कुमार यादव, अनिल सिंह, विनोद राम के अलावे सैकड़ो के तादात में कांग्रेस कार्यकर्ता नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीनियर जिला क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूर्नामेंट

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में शुक्रवार को नेताजी क्रिकेट क्लब ब्लू बनाम माही स्पोर्ट्स येलो के बीच मैच खेला गया। नेताजी क्रिकेट क्लब ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 28 ओवर में 181 रन बना कर ऑल आउट हो गई। अश्विन्त यादव 24, गौरव कुमार 26, शिवम 29, विकास 15, अब्राहम शेख 28 व अभिषेक आनंद ने 12 रन बनाए। माही स्पोर्ट्स येलो के गेंदबाज दीपक मल्लिक ने 3, सागर सुमन, सद्दाम व रवि ने 2-2 व वमीक नईम ने 1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी माही स्पोर्ट्स येलो की टीम 25.5 ओवर में 3 विकेट पर 184 रन बना कर मैच जीत लिया। आदित्य यादव ने नाबाद 50, अनाउल्लाह अंसारी ने 49, रवि ने 15, राहुल ने 19 व दीपक मल्लिक ने नाबाद 39 रन बनाए। नेताजी क्रिकेट क्लब के गेंदबाज अब्राहम शेख व राजू मालतो ने 1-1 विकेट लिया। माही स्पोर्ट्स येलो ने 7 विकेट से जीत दर्ज की। माही स्पोर्ट्स के खिलाड़ी दीपक मल्लिक को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि सूर्या सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल के डॉ शांतनु ने दीपक को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग मो अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग कुमार सुमन सौरभ ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, राकेश कुमार रोशन, मो जुनैद व अन्य मौजूद थे। टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि 18 जनवरी को द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब बनाम नॉर्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला जाएगा।

# धर्मशाला निर्माण को लेकर धनीदास मठिया कमेटी ने खरीदा जमीन



**साहिबगंज :** प्रखंड क्षेत्र के महादेवगंज के समीप डेरा स्थित श्री श्री 1008 धनीदास मठिया कमेटी ने मठ के सामने स्थित एक बीघा के आम बगीचे को रैयत वारिसन से खरीद लिया।कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र यादव,सचिव जमुना यादव एवं कोषाध्यक्ष हरेराम यादव ने बताया कि मठ के सामने यज्ञ मंडप धर्मशाला निर्माण हेतु जमीन की आवश्यकता थी समाजवासियो के सहयोग से यह पुनीत कार्य किया गया है। साहिबगंज के समाजसेवी बजरंगी प्रसाद यादव इस कार्य के साक्षी बने उनके हाथों से चेक की राशि रैयत वारिसनो को सौंपा गया। मौके पर कई ग्रामीण एवं भक्तजन मौजूद थे।

## जिला स्तरीय दो दिवसीय कृषि मेला सह फल- सब्जी प्रदर्शनी का समापन

# क्षेत्र के सैकड़ों किसान विशेषज्ञ और शोधकर्ता हुए शामिल

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** संयुक्त जिला कृषि भवन परिसर में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि मेला, फल सब्जी प्रदर्शनी, उद्यानिकी संगोष्ठी और मत्स्यकी कार्यशाला में किसानों, उद्यमियों और वैज्ञानिकों के लिए एक ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि एवं आत्मा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों किसान, विशेषज्ञ और शोधकर्ता शामिल हुए ।

उपायुक्त महोदय ने कार्यशाला में लगे स्टालों का निरीक्षण किया और उनके महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की साथ ही स्टॉल में लगे कर्मीगण से पंजीकरण के बारे में विस्तृत जानकारी ली एवं आवश्यक सुझाव दिए एवं किसानों से रूबरू हुए क

किसानों की प्रतिक्रियाः मेले में स्थानीय कृषकों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए क साथ ही कृषि विभाग आईएफएस एफसीओ द्वारा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम किया गया जिसमें किसानों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और पूछे गए सवाल का सही-सही उत्तर देकर नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के रूप में पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया क मेले में शामिल किसानों ने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम को अत्यधिक लाभकारी एवं उत्साहवर्धक बताया । किसानों ने कहा इस तरह के मेले हमें नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं को समझने का मौका देते हैं ।यह दो दिवसीय कृषि मेला न केवल किसानों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बना बल्कि उन्हें अपनी उपज को उन्नत तकनीकों और नए बाजारों से जोड़ने का अवसर भी प्रदान किया। किसानों ने इस आयोजन को अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने का बेहतरीन जरिया बताया।मेले का मुख्य आकर्षण का केन्द्र वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन द्वारा लगाए गए स्टॉल में तार का गुड़, महिला ग्रुप, कार्तिकडांगा द्वारा मशरूम की खेती, जेएस एलपीएस द्वारा मिलेट्स की बीज बाजरा, कोदो, कुदकी आदि, भगैया का तसर सिल्क से बना कपड़ा, राजमहल का जुट से बने बैग आदि, मत्स्य विभाग का माइनिंग पिट केज कल्चर एवं विभिन्न नर्सरी द्वारा लाए गए फूल, फल के पौधे के साथ-साथ किसानों द्वारा लाए गए गेहूँ का पौधा, अरहर का पौधा, ईख, कद्दू, गाँठगोभी, फूलगोभी, गाजर, मूली, शलगम, बैंगन, आदि इस मेले का किसानों के बीच आकर्षण का केन्द्र बना रहा। किसानों द्वारा लाए गए विभिन्न प्रकार के प्रादर्श जो स्टॉल में पंजीयन कराया गया था, निर्णायक कमिटि द्वारा सभी प्रादर्श को बारीकी से जाँच करते हुए प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया कफसल, फल, फूल, सब्जी एवं अन्यान्य प्रभाग से प्रथम पुरस्कार में 41 कृषक, द्वितीय पुरस्कार में 47, तृतीय पुरस्कार में 40 एवं सांत्वना पुरस्कार में 26 कृषकों को विभाग द्वारा सम्मानित किया गया।विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलो में प्रथम पुरस्कार जेएस एलपीएस जुट से बनी सामग्री को दिया गया, द्वितीय पुरस्कार मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, साहेबगंज एवं तृतीय पुरस्कार मशरूम उत्पादक, कार्तिकडांगा, राजमहल को प्राप्त हुआ क साथ ही सभी स्टॉलो को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया क सभी चयनित प्रादर्शो को माननीय एवं पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया कमौके पर जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता, जिला कृषि अभियंता राम प्रकाश कुमार, डी डीएम नाबार्ड, प्रमोद कुमार, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, उप परियोजना निदेशक मन्टू कुमार, कंचन कुमार सुमन, बीटीएम, अजय कुमार पुरी, बीटीएम, प्रीतम ठाकुर, अमित कुमार, कृष्ण कुमार सिंह के अलावे विभिन्न प्रखंडों से कृषक उपस्थित हुए ।

## न्यूज IN ब्रीफ

**चौकीदार बहाली परीक्षा**

### प्रवेश पत्र जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर किया गया अपलोड

**साहिबगंज :** चौकीदार बहाली परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र साहिबगंज जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। जिन अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है। वे अब अपना प्रवेश पत्र जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए अभ्यर्थी को वेबसाइट पर जाकर अपने आवेदन संख्या और जन्मतिथि जैसे आवश्यक विवरण दर्ज करने होंगे। प्रवेश पत्र में परीक्षा की तिथि, समय, स्थान और अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश पत्र पर दिए गए सभी निदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचें। साथ ही, परीक्षा केंद्र पर अपने साथ प्रवेश पत्र के साथ वैध पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड या वोटर आईडी भी अवश्य ले जाएं।यदि किसी अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में समस्या आती है। तो वह अपने संबंधित प्रखंड,अंचल कार्यालय या जिला सामान्य शाखा कार्यालय से संपर्क कर सकते है। यह परीक्षा चौकीदार पद पर नियुक्ति के लिए आयोजित की जा रही है।और अभ्यर्थियों से उम्मीद की जाती है। कि वे परीक्षा में अनुशासन और नियमों का पालन करेंगे।

### सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर नुक्कड़ नाटक



**साहिबगंज :** प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश- सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार के निदेर्शानुशार व मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज और जिला परिवहन विभाग, साहेबगंज के संयुक्त तत्वावधान में आज व्यवहार न्यायलय परिसर में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन नाट्य मंडली के कलाकारों के द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए किया गया। वाहन चालकों को हेलमेट सिट बेल्ट, ओवरलोडिंग ड्रंक एंड ड्राइव तेज रफ्तार जैसे नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत में अधिकतर मामले ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के कारण होते हैं। अधिकतर सड़क हादसों का कारण तेज गति से वाहन चलाना, नशे में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग और लापरवाही की बात सामने आती है। उन्होंने कहा कि सभी वाहन चालक सदैव ही नियमों का पालन करें। घबराकर इधर उधर न करें और ना ही गाड़ी चलाते समय ट्राफिक नियम को तोड़ कर शार्ट कट अपनाएं बल्कि नियमों का कठोरता से पालन करें। उन्होंने बाल विवाह की रोकथाम के लिए भी लोगों को बतलाया। जिला परिवहन पदाधिकारी, साहिबगंज मिथिलेश कुमार सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल होने वालों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले नेक लोगों के लिए इनाम राशि 2000 रुपये अपने निकट के सामुदायिक केन्द्र से या जिला परिवहन कार्यालय से मिलती है। सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने और उन्हें अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहित करने के साथ ही साथ प्रशस्ति प्रमाण पत्र भी दिया जाता है । इसके अलावा सरकारी योजना के तहत मिलने वाले निःशुल्क सुविधा व विधिक सेवा पर चर्चा की गई। वही विधिक सेवा के टोल फ्री नंबर 15100 के संबंध में जानकारी दी गई। इस नंबर से कॉल कर विधिक सेवा निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। मौके पर चीफ लीगल एड डिफेन्स कॉसिल अरविन्द गोयल , जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी अधिवक्तागण आम नागरिक उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय युवा आदान-प्रदान पांच दिवसीय कार्यक्रम दूसरे दिन भी जारी



**साहिबगंज :** माय भारत नेहरू युवा केंद्र साहिबगंज की ओर से आयोजित पंच दिवसीय अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम दूसरे दिन भी अभियान प्रशिक्षण केंद्र में जारी रहा।इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा रोजगार और व्यक्तिगत विकास के अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम में दूसरे दिन के वक्ता मुख्य वक्ता सीडब्ल्सी के अध्यक्ष अब्दुस सुभान, सुबोध कुमार झा संत टेरेसा विद्यालय के प्राचार्य बीरेंद्र कुमार के साथ साथ जिला युवा अधिकारी शुभम चंद्रन उपस्थित रहे।अब्दुस सुभान ने युवाओं को पंचायती राज कानून 2001 के अनुसार ग्राम सभा की संपूर्ण जानकारी दिया उन्होंने ग्राम सभा की विशेषता, उद्देश्य, कोरम, योजनाओं का क्रियान्वयन आदि पर चर्चा किया। दूसरे वक्ता के रूप कवि सुबोध कुमार झा ने अपने कविता के माध्यम से प्रतिभागियों को मंत्र मुग्ध किया उन्होंने कविता किस प्रकार लिखा जाए इसके बारे में जानकारी भी दिया और तीसरे वक्ता रूप में बीरेंद्र कुमार ने विद्यार्थी जीवन पर प्रकाश डाला ।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम लेखा सहायक साहिबगंज के अनिल कुमार ने किया।नेहरू युवा केंद्र साहिबगंज के जिला युवा अधिकारी शुभम चंद्रन ने बताया कि इस कार्यक्रम में पांच दिनों तक शैक्षणिक सत्र, कार्यशाला, खेल और क्षेत्र भ्रमण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए एक मंच प्रदान करता है।इस कार्यक्रम में हजारीबाग जिले से आए कुल 26 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। जिसमें महेश कोमल, डॉली, रूही, तेजवंत, नोमान, शाहबाज, आकाश, निशु, संजना , जया, उपेंद्र, राहुल, लक्ष्मी, सुधांशु, सचिन, छोटेलाल, नीलेश, संदीप, रवि, आकांक्षा, इशिता, अजय, नीतीश, हिमांशु उपस्थित थे।



# पूजा हेगड़े ने रेड बॉडीकॉन में ढाया कहर

फिल्म अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. रेड बॉडीकॉन ड्रेस में उनकी अदाओं ने फैंस को दीवाना बना दिया. पूजा ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें वह खुले बालों, लाइट मेकअप और हाई हील्स के साथ ग्लैमरस अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं. तस्वीरें शेयर करते ही पूजा के फैंस ने उनकी तारीफों के पुल बांध दिए. किसी ने उन्हें 'रेड डीवा' कहा तो किसी ने 'सुपर हॉट'. कमेंट सेक्शन में हार्ट और फायर इमोजी की भरमार है. पूजा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'देवा' को लेकर सुर्खियों में हैं. इस फिल्म में वह शाहिद कपूर के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी. फिल्म का ट्रेलर कल रिलीज किया गया, जिसे दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है. फिल्म 31 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. पूजा हेगड़े का ये लुक और उनकी आगामी फिल्म को लेकर उत्साह देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि वह बॉलीवुड की सबसे स्टाइलिश और प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक हैं.

# फिल्म 'लवयापा' में शास्त्रीय नृत्य करती नजर आएंगी खुशी कपूर



जुनैद खान और खुशी कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लवयापा' का दर्शक बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के बेहद रोमांचक ट्रेलर और शानदार गानों ने लोगों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। ट्रेलर में खुशी कपूर का दमदार प्रदर्शन देखने को मिला है। खुशी कपूर ने अपनी पहली फिल्म 'लवयापा' के लिए शास्त्रीय नृत्य का विशेष प्रशिक्षण लिया है। फिल्म के एक गाने में वह शास्त्रीय नृत्य करती नजर आएंगी।

आधुनिक रोमांस की दुनिया में सेट 'लवयापा' एक दिल को छू लेने वाली कहानी पेश करता है, जिसमें अविस्मरणीय प्रदर्शन, जीवंत संगीत और मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य हैं। यह फिल्म प्रेम के सभी रंगों का उत्सव मनाती है और सभी आयु वर्ग के दर्शकों के दिलों को छूने का वादा करती है। 'लवयापा' 2025 की सबसे रोमांचक सिनेमाई पेशकशों में से एक होने के लिए तैयार है, तो अपने कैलेंडर में 7 फरवरी की तारीख को जरूर मार्क करें और इस प्यार भरी जादुई यात्रा पर निकलने के लिए तैयार हो जाएं।

## टीवी अभिनेता अमन जायसवाल का सड़क हादसे में निधन



टीवी इंडस्ट्री के जाने-माने एक्टर अमन जायसवाल की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. अमन जायसवाल ने 'धरतीपुत्र नंदिनी' में काम किया था. अमन जायसवाल की उम्र 23 साल थी. बताया जा रहा है कि अमन की बाइक को ट्रक ने टक्कर मारी है.ये हादसा जोगेश्वरी हाइवे पर हुआ है. इस घटना को लेकर अंबोली पुलिस स्टेशन अंबोली पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि अमन जयसवाल को कामा अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों की टीम ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने आरोपी ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है. मामला अंबोली पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है. मुंबई पुलिस ने घटना की पुष्टि की है. अमन को जानने वाले बताते हैं कि उन्हें बाइक चलाने का शौक था. वो मुंबई में भी एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए बाइक का भी इस्तेमाल करते थे.

# सैफ के साथ हुई घटना पर शाहिद कपूर ने जताई चिंता






एक्टर सैफ अली खान पर उनके ही घर में हुए हमले के बाद हर कोई सदमे में है। रात करीब 2 बजे जब सभी सो रहे थे तो एक अनजान शख्स सीधे सैफ के बच्चों के कमरे में घुस गया। चीख सुनकर सैफ दौड़कर आया। जब वह पीछे हटे तो चोर ने सैफ पर चाकू से 6 वार किए। इसमें सैफ गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि चोर वहां से भागने में सफल रहा। इस घटना के बाद हर कोई सदमे में है। कई लोगों ने प्रतिक्रिया भी दी है। हाल ही में शाहिद कपूर ने भी इस पर कमेंट किया है।

अपनी आने वाली फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर शाहिद कपूर से मीडिया ने सैफ के साथ हुई घटना के बारे में सवाल किया। इस पर उन्होंने कहा, 'यह बहुत दुखद घटना है। इंडस्ट्री में हम सभी चिंतित हैं। मुझे उम्मीद है कि सैफ की तबीयत अब ठीक है। जो हुआ उसके बाद हम सभी सदमे में थे। मुंबई में यह स्वीकार करना कठिन है कि शहर में हमारे निजी स्थान पर ऐसा होता है। पुलिस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रही है। क्योंकि वास्तव में ऐसा कभी नहीं होता यह सबसे सुरक्षित शहर है। हमें यह कहते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि अगर कोई महिला रात के 2-3 बजे भी बाहर है, तो वह सुरक्षित है। यह बेहद चौंकाने वाली घटना है। वह जल्द ही ठीक हो जाएं। हम सभी उनके लिए प्रार्थना कर रहे हैं।'

शाहिद कपूर आने वाली फिल्म 'देवा' में नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसमें उनके साथ एक्ट्रेस पूजा हेगड़े नजर आएंगी। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर फिल्म की स्टारकास्ट मौजूद थी। शाहिद और सैफ ने 2017 में फिल्म 'रंगून' में साथ काम किया था। दिलचस्प बात यह है कि शाहिद करीना के एक्स-बॉयफ्रेंड हैं। इनका अफेयर काफी चर्चित रहा था।

## शाहिद कपूर की फिल्म देवा ट्रेलर हुआ रिलीज

# सिनेमाघरों में 31 जनवरी को आएगी




शाहिद कपूर की मच-अवेटेड एक्शन थ्रिलर देवा का ट्रेलर फैंस की भारी डिमांड पर समय से पहले रिलीज कर दिया गया है। इसमें तेज रफ्तार, जबरदस्त एक्शन और जबरदस्त इंटेंसिटी देखने को मिल रही है। फिल्म को जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है।

शाहिद कपूर देव अंबरे के किरदार में पूरी तरह से छाए हुए हैं, उनके एक्शन और जबरदस्त स्टंट्स देख कर फैंस का दिल थम जाएगा। फिल्म में तगड़े लड़ाई सीन्स से लेकर रोमांचक पीछा करने तक देवा एक्शन फिल्मों का स्तर ऊंचा करने वाली है। शाहिद के साथ पूजा हेगड़े भी अहम रोल में नजर आ रही हैं। इसके अलावा कुब्रा सेट और पवैल गुलाटी जैसे शानदार कलाकारों का भी साथ है। फिल्म में जटिल किरदार और रोमांचक कहानी के साथ, यह दर्शकों को सीट से बांधे रखने का वादा करती है। मशहूर मलयालम डायरेक्टर रोशन एंड्रयूज के डायरेक्शन में बनी देवा एक धमाकेदार एक्शन थ्रिलर होने वाली है। ये फिल्म 31 जनवरी को रिलीज हो रही है।

# विराट कोहली, केएल राहुल ने रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैचों से अपना नाम वापस लिया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली और केएल राहुल ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम को सूचित किया कि वे छोटी-मोटी चोटों से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वे रणजी ट्रॉफी 2024-25 सीजन के दूसरे दौर में क्रमशः अपनी घरेलू टीमों दिल्ली और कर्नाटक के लिए भाग नहीं ले पाएंगे।

ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, कोहली गर्दन में दर्द से पीड़ित हैं। कोहली ने बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ को बताया कि उन्होंने 8 जनवरी को एक इंजेक्शन लिया था, लेकिन फिर भी उनकी गर्दन में दर्द है, जिसके कारण उन्हें राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के आगामी मुकाबले से बाहर होना पड़ा।

36 वर्षीय कोहली ने रणजी में आखिरी बार नवंबर 2012 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ मैच खेला था, जिसमें उन्हें तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने दोनों पारियों में 14 और 42 रन पर आउट कर दिया था। 155 प्रथम श्रेणी मैचों में, विराट ने 258 पारियों में 37 शतक और 39 अर्द्धशतक के साथ 48.23 की औसत से 11,479 रन बनाए हैं, जिसमें 254* का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है।

दूसरी ओर, केएल राहुल कोहनी की समस्या से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वह बेंगलुरू में पंजाब के खिलाफ कर्नाटक के अगले दौर के मैच से बाहर हो गए हैं। दाएं हाथ के विकेटकीपर-बल्लेबाज ने अपना आखिरी रणजी मैच 2020 मार्च में कर्नाटक के लिए बंगाल के खिलाफ खेला था, जिसमें उन्होंने सेमीफाइनल में 26 और 0 रन बनाए थे, जिसमें उनकी टीम हार गई थी। हाल के दिनों में, ऋषभ पंत (दिल्ली), शुभमन गिल (पंजाब) और यहां तक ??कि यशस्वी जायसवाल (मुंबई) के साथ-साथ अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा (सौराष्ट्र) उन लोगों में शामिल हैं, जिन्होंने कथित तौर पर आगामी रणजी ट्रॉफी मैचों में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025

# स्विएटेक ने राडुकानू को हराकर चौथे दौर के लिए किया क्वालीफाई

**मेलबर्न।** पोलैंड की स्टार महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्विएटेक ने शनिवार को एम्मा राडुकानू को हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन्स के बीच हो रहे मुकाबले में स्विएटेक ने राडुकानू को आसानी से 6-1, 6-0 से शिकस्त दी। पांच बार की ग्रैंड स्लैम विजेता स्विएटेक ने रॉड लेवर एरिना में राडुकानू के नौ के मुकाबले 24 विजयी शॉट लगाए। स्विएटेक ने सिर्फ.12 अनफोर्स्ड एरर किए।

मैच जीतने के बाद स्विएटेक ने कहा, 'मैंने कुछ शॉट खेले, जिनके बाद मुझे लगा कि मैं इस तरह के शॉट खेलने की अभ्यस्त हूँ, और इसीलिए मैंने आज के मैच का भरपूर आनंद लिया। मैं वास्तव में आश्वस्त महसूस कर रही थी, इसलिए, अंत में, मैं और भी अधिक प्रयास कर सकती थी। इन सभी ब्रेक पॉइंट को कन्वर्ट करना भी महत्वपूर्ण था, इसलिए मैं आज के प्रदर्शन से वास्तव में खुश हूँ।' यह पहली बार था जब 2021 फ्लशिंग मीडोज विजेता राडुकानू मेलबर्न में तीसरे दौर में पहुँची थी। न्यूयॉर्क में 2022 की चैंपियन स्विएटेक ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने खराब रिकॉर्ड को सुधारने की कोशिश कर रही हैं, जहाँ वह 2022 में केवल एक सेमीफाइनल तक पहुँची हैं। वह कुछ हद तक ऐसा करने की राह पर हैं, उन्होंने अब तक अपने तीन मैचों में केवल 10 गेम गंवाए हैं।

### नवारो ने जाबेउर को हराया



एम्मा नवारो ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में ट्रिपल ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट ओन्स जाबेउर को हराया, लेकिन तीन सेटों में खेलने वाली इस विशेषज्ञ खिलाड़ी का प्रदर्शन भी खराब रहा। 23 वर्षीय अमेरिकी आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने मार्गरेट कोर्ट एरिना में 6-4, 3-6, 6-4 के स्कोर के साथ मेलबर्न में पहली बार अंतिम 16 में जगह बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए वह रूस की नौवीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना या कजाखस्तान की 24वीं वरीयता प्राप्त यूलिया पुतिनत्सेवा से खेलेंगी।

# फिल्म समीक्षा: सीरियल मर्डर मिस्ट्री और अन-एक्सपेक्टेड क्लाइमैक्स से भरपूर है 'मिशन ग्रे हाउस'

इस हफ्ते बॉलीवुड की दो फिल्में रिलीज हो रही हैं। एक है मर्डर मिस्ट्री पर आधारित अबीर खान की डेब्यू फिल्म 'मिशन ग्रे हाउस' और दूसरी है अमान देवगन और राशा थडानी की फिल्म 'आजाद'।

'मिशन ग्रे हाउस'कहानी की शुरूआत होती है एक फ़्लैशबैक सीन से, जिसमें रात के अंधेरे में एक बंगले नुमा घर में रहने वाले एक ईमानदार पुलिस वाले की बेरहमी से हत्या कर दी जाती है। हत्यारा काले रेन कोट में आता है और बड़ी सी टॉर्च को हथियार के रूप में इस्तेमाल करता है। लाला सेठ (रजा मुराद) एक धनी व्यक्ति हैं और उसी बंगले नुमा घर (जिसको ग्रे हाउस का नाम दिया गया है) को खरीदने के लिए अपने ड्राइवर के साथ आते हैं। वह उसके मालिक विक्रांत राणा (किरण कुमार) से मिलते हैं, लेकिन वहां पर मिस्टीरिअस तरीके से लाला और उसके ड्राइवर की हत्या हो जाती है और हत्यारा गायब हो जाता है।

इस बात से विक्रांत राणा और उनकी पत्नी (निखत खान) बहुत टेंशन में हैं कि अब कोई हमारे बंगले को नहीं खरीदेगा। उनकी पत्नी को लगता है कि बंगला बिके ना बिके, लेकिन अगर इस घर में रहे तो उनकी हत्या जरूर हो जाएगी। इसी बात से डर कर विक्रांत राणा शहर के डीआईजी यशपाल सिंह (राजेश शर्मा) को कॉल करके हेल्प मांगते हैं। यशपाल सिंह की पुलिस अफसर बेटी कियारा (पूजा शर्मा) का दोस्त कबीर राठोड़ बचपन से ही पुलिस अधिकारी बनने का सपना देख रहा है। कबीर के इस सपने की एक खास वजह है, जो आपको फिल्म देखकर पता चलेगा। कियारा अपने दोस्त कबीर को अपने डीआईजी पिता से मिलवाती है और उसके सपने के बारे में अपने पिता से डिस्कस करती है।

डीआईजी यशपाल सिंह कबीर के सामने शर्त रखते हैं कि अगर वह ग्रे हाउस में हो रही हत्याओं की मिस्ट्री सुलझा देगा तो वह कबीर को पुलिस की वर्दी दिला देंगे। कबीर इसके लिए तैयार हो जाता है और कियारा के साथ ग्रे हाउस के मिशन पर निकल पड़ता है, लेकिन उन दोनों के वहां पहुंचने के बावजूद ग्रे हाउस में हत्याओं का सिलसिला जारी रहता है। इन्हीं अप्रत्याशित घटनाओं के साथ फिल्म की कहानी भी रफ्तार पकड़ती है। ग्रे हाउस में मर्डर मिस्ट्री के अलावा और भी कई राज दबे हैं, जिनके खुलासों से कबीर स्तब्ध रह जाता है। क्या कबीर ग्रे हाउस के रहस्य से पर्दा उठा पाएगा ? क्या पुलिस ऑफिसर बनने का उसका सपना पूरा होगा? इन सवालों का जवाब तो आपको फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा।

अभिनय:अबीर खान इस फिल्म से अपना बॉलीवुड डेब्यू कर रहे हैं। कबीर राठोड़ के रोल में उनका सहज अभिनय प्रभावित करता है। किरण कुमार, राजेश शर्मा जैसे कद्दावर अभिनेताओं के साथ उनकी ऐक्टिंग भी निखरती हुई दिख रही है। फिल्म की कहानी कबीर राठोड़ के इर्द गिर्द घूमती है और अबीर खान अपने रोल को पूरी परिपक्वता से निभाने में कामयाब रहे हैं। डायलॉग डिलीवरी और ऐक्शन सीन्स में भी अबीर अपने हिस्से का योगदान करते हुए नजर आते है। निखत खान के किरदार का नाम है रेखा । रोल छोटा जरूर है लेकिन निखत ने अपने रोल को तन्मयता से निभाकर यादगार बना दिया है। राजेश शर्मा और किरण कुमार ने लंबे अनुभव का फायदा उठाते हुए अपनी एक्टिंग में सहजता बनाए रखा है। पूजा शर्मा, कियारा के किरदार में अच्छी दिख रही हैं। दृश्यम फेम ऐक्टर कमलेश सावंत फिल्म में गायतोंडे नाम के एक जासूस के रोल में ध्यान आकर्षित करने में सफल रहे हैं। उनके डायलॉग तो कम हैं लेकिन उनके एक्स्प्रेशन गजब के हैं।

लेखन और निर्देशनबॉलीवुडिया स्टाइल मर्डर मिस्ट्री पर आधारित इस फिल्म की कहानी लिखी है जेबा के. ने, जिसको निर्देशक नौशाद सिद्दीकी ने परदे पर जीवंत है। फिल्म के इमोशनल दृश्यों और सस्पेंस सीन को फिल्माने में अच्छी मेहनत की गई है। एंगेजिंग कहानी को उतने ही एंगेजिंग तरीके से दर्शकों के सामने प्रस्तुत करना एक बड़ी चुनौती होती है जिसमें नौशाद सिद्दीकी कामयाब रहे हैं।

म्यूजिक:फिल्म के दोनों ही गाने अच्छे हैं लेकिन सुखविंदर सिंह का गाना लहू आवाज देता है फिल्म में कई बार ऐक्शन सीन्स के बैकग्राउंड में बजता है जो काफी रोमांचित करता है। दूसरा गाना 'यारियाँ-यारियाँ' को शान ने गाया है जो कबीर और कियारा की फ्रेंडशिप पर खूबसूरती से फिल्माया गया है। फिल्म में तेजी से बदलते परिदृश्य और अप्रत्याशित घटनाओं, हत्याओं और सस्पेंस के सीन्स में बैकग्राउंड म्यूजिक प्रभावित करता है।

क्यों देखें :मिशन ग्रे हाउस उन दर्शकों के लिए एक मस्ट वाच फिल्म हैं जिनको सस्पेंस और थ्रिलिंग स्टोरी पसंद है। इस फिल्म में कुछ इमोशनल सीन्स भी हैं जो यादगार बन गए हैं। डेब्यू एक्टर अबीर खान और पूजा शर्मा का अभिनय अच्छा है जो दर्शकों को पसंद आएगा। अगर आपको सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन वाली फिल्म देखना चाहते हैं तो इस हफ्ते 'मिशन ग्रे हाउस' देख डालिए।

कलाकार : अबीर खान, पूजा शर्मा, निखत खान, राजेश शर्मा, किरण कुमार, कमलेश सावंत, रजा मुराद

निमार्ताः रफत फिल्म्स एंटरटेनमेंट

निर्देशकः नौशाद सिद्दीकी

रेटिंग : 3.5 स्टार

# एक नई पहल : ड्रोन के माध्यम से किया फसल पर यूरिया का छिड़काव

एजेंसी



**झांसी :** कृषि क्षेत्र में एक नई पहल के तहत नाबार्ड इफको किसान स्मार्ट फार्म परियोजना अंतर्गत ग्राम नोहरा विकास खण्ड बबीना में यूरिया छिड़काव के लिए ड्रोन तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। फसलों में नई तकनीकी का उपयोग किया जा रहा है। सैटेलाइट से फसलों का आंकलन करके किसानों को लिखित व वाणी संदेशों से कृषि की उन्नत तकनीक के बारे में जानकारियां दी जा रहीं हैं। मौसम का ध्यान रखा जा रहा है। फसल उत्पादन में खर्चा कम और अधिक उत्पादन लिया जा रहा है। इस तकनीकी का उपयोग करके वातावरण व मिट्टी को दूषित होने से बचाया जा रहा है। इसी कड़ी में ड्रोन तकनीक का उपयोग करके कृषि में नई क्रांति लायी जा रही है। इस परियोजना के तहत, ड्रोन का उपयोग खेतों में उर्वरकों और कीटनाशकों के छिड़काव के लिए किया जा रहा है। इससे उर्वरक व कीटनाशकों की लागत में कमी आ रही है। पानी की बचत हो रही है। एक एकड़ खेत में केवल 10 लीटर पानी पर्याप्त रहता है। सम्पूर्ण फसल पर समान रूप से उर्वरक व कीटनाशक का छिड़काव हो जाता है। इस योजना से समय और श्रम की बचत होती है। ड्रोन तकनीक से उर्वरकों और कीटनाशकों का सटीक छिड़काव हो जाता है। इससे पर्यावरण पर भी कम प्रभाव पड़ता है। मौके पर द्वितीयक नावार्ड भूपेश पाल ने बताया कि योजना अंतर्गत मिट्टी की संरचना में फसल पर छिड़काव समान रूप से किया जाता है। अधिकतर रसायन पत्तियों पर ही रहता है। खेत की मिट्टी पर प्रभाव कम पड़ता है। नाबार्ड इफको किसान स्मार्ट फार्म परियोजना झांसी के किसानों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। ड्रोन तकनीक के उपयोग से किसानों को न केवल उर्वरक की लागत में कमी आ रही है, बल्कि अन्य कई लाभ भी मिल रहे हैं। ड्रोन के माध्यम से खेत में कीटनाशक व उर्वरक के छिड़काव प्रदर्शन के समय इफको किसान राकेश यादव, नितिन, प्रगतिशील किसान आत्माराम, ईश्वर आदि उपस्थित रहे।

## पूर्वी चंपारण जिले में 60 हजार 918 मीट्रिक टन धान की हुई अधिप्राप्ति



एजेंसी

### जिला अधिप्राप्ति टास्क फोर्स की बैठक में दी गई जानकारी

**पूर्वी चंपारण :** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में शनिवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला अधिप्राप्ति टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक 60,918 टळ धान की अधिप्राप्ति हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि 7569 टळ सीएमआर राज्य खाद्य निगम द्वारा अभी तक प्राप्त किया गया है।इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश देते कहा कि सीएमआर केवल उच्च गुणवत्ता का ही लिया जाय। इसमें शिकायत आने पर सभी संबंधितों पर जिम्मेवारी तय करते हुए कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

जिलाधिकारी ने विगत वर्ष में वैसे पैक्सों पर प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया। जिन्होंने शत-प्रतिशत सीएमआर राज्य खाद्य निगम को उपलब्ध नहीं कराया है एवं गबनग्रस्त राशि अब तक जमा नहीं कराई है। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि, विगत खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2023-24 में कुल 65 पैक्स डिफॉल्टर हुए थे,जिसमें से अब भी 28 पैक्स डिफॉल्टर की श्रेणी में हैं।

## विकासखंड कार्यालय को रामचंद्रपुर में लगाने की मांग तेज

**बलरामपुर :** रामचंद्रपुर सर्वदलीय विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष बक्श अंसारी संरक्षक लक्ष्मी प्रसाद कश्यप संयोजक मोहन सिंह उपाध्यक्ष शंभू गुप्ता बुद्धि नारायण कश्यप मीडिया प्रभारी राजेन्द्र श्रीवास के नेतृत्व में आज शनिवार को सैकड़ों की संख्या में रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्रामीणों ने कलेक्टर और एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल मुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस के नाम पर ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने अपनी मांग में कहा कि जनपद पंचायत कार्यालय को रामानुजगंज से वापस रामचंद्रपुर में स्थानांतरित किया जाए ताकि रामचंद्रपुर क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके और उन्हें अपनी जनपद पंचायत संबंधित कार्यों और समस्याओं को लेकर रामानुजगंज के चक्कर न काटने पड़ें। दरअसल, क्षेत्र के ग्रामीणों को रामानुजगंज तक 30 किलोमीटर का सफर तय कर आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।रामचंद्रपुर के ग्रामीण अपने आप को छला हुआ महसूस कर रहे हैं जनपद पंचायत कार्यालय रामचंद्रपुर के नाम से है लेकिन लंबे समय से यह कार्यालय रामानुजगंज में संचालित हो रहा है।

## परीषदीय विद्यालयों में जवाबदेही तय करने के लिए आडिट प्लान हुआ तैयार

**लखनऊ :** योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सोशल ऑडिट का एक व्यापक और ठोस एक्शन प्लान तैयार किया है। इसके अंतर्गत अगले पांच वर्षों में प्रदेश के एक लाख 33 हजार से अधिक विद्यालयों का सोशल ऑडिट पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्य में विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावकों, समुदाय और सभी हितधारकों को शामिल किया जायेगा। उपलब्ध संसाधनों और सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में पता किया जाएगा। हालांकि, पहले चरण की तैयारी पूर्ण है, जिसमें 150 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया जा चुका है। 31 मार्च तक सोशल ऑडिट कार्य को संपन्न करने के लिए प्रदेश के पांच उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों को चयनित किया गया और अप्रैल तक पब्लिक हियरिंग और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के उद्देश्य से यह कार्य गतिशील है। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह का कहना है कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार योगी सरकार उत्तर प्रदेश में शिक्षा के मानकों को सुधारने और पारदर्शिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रशिक्षण की योजना और कैलेंडर तैयार कर लिया गया है। जनवरी 2025 में जनपद और ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण पूर्ण करने का लक्ष्य है। सोशल ऑडिट को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रदेश के पांच प्रमुख विश्वविद्यालयों को जिम्मेदारी सौपीं गयी है। सोशल ऑडिट के टीम के सभी ट्रेनर्स, क्लस्टर सोशल ऑडिटर्स और सोशल ऑडिटर फैसिलिटेटर टीम के सदस्यों का चयन प्रदेश के पांच प्रमुख विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों द्वारा किया गया है। इन विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों में प्रो. अनुराग द्विवेदी (डीडीयू गोरखपुर विवि), प्रो. अनूप कुमार भारतीय (लखनऊ विवि), प्रो. एच.एम. आरिफ, प्रो. (डॉ.) आरीना नजनीन (इंटीग्रल विवि लखनऊ), प्रो. अनोज राज (सुभारती विवि, मेरठ), और डॉ. रवि कुमार (एमएमएमटीयू, गोरखपुर), शामिल हैं।

**यह भी जानें**

क्लस्टर सोशल ऑडिटर्स को प्रत्येक 10 विद्यालयों की जिम्मेदारी दी गई है। क्लस्टर सोशल ऑडिटर्स की संख्या 2,672 है, जिन्हें मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षित किया जायेगा। इन क्लस्टर सोशल ऑडिटर्स द्वारा ब्लॉक स्तर पर सोशल ऑडिटर फैसिलिटेटर टीम के 1,60,320 सदस्यों को प्रशिक्षित करने का कार्य जनवरी में पूरा किया जायेगा। चयनित 26,720 विद्यालयों का सोशल ऑडिट फैसिलिटेटर टीम करेगी जिसमे अभिभावकों, समुदाय और सभी हितधारक शामिल होंगे। महानिदेशक स्कूली शिक्षा कंचन वर्मा ने बताया कि सोशल ऑडिट का महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि इस कार्य में विभाग द्वारा केवल सहयोग प्रदान किया जायेगा और सभी कार्य चयनित विश्वविद्यालयों द्वारा किया जायेगा, ताकि निष्पक्ष और वास्तविक तस्वीर सामने आ सके। सोशल ऑडिटर्स की टीम के प्रयास से अप्रैल तक प्रदेश के 20 प्रतिशत विद्यालयों का सोशल ऑडिट पूर्ण कर लिया जाएगा।

## आरजीकर मामला : पीड़िता के माता-पिता ने की न्याय की अपील

**कोलकाता ।** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या मामले में कोलकाता की विशेष अदालत आज अपना फैसला सुनाने वाली है। इस फैसले से पहले अदालत परिसर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। कोलकाता पुलिस ने परिसर में कई बैरिकेड्स लगाए हैं क्योंकि आम जनता, नागरिक समाज के प्रतिनिधि और राज्य के मेडिकल क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में पहुंच सकते हैं।

शनिवार को पीड़िता के माता-पिता ने सोशल मीडिया के माध्यम से जनता से न्याय की इस लड़ाई को जारी रखने की अपील की। पीड़िता की मां ने कहा, 'अगर हमारी दिवंगत बेटी के सपनों को न्याय नहीं मिला, तो उसकी जीवनभर की उपलब्धियां व्यर्थ हो जाएंगी। हम प्रार्थना करते हैं कि कोई भी बेटी मेरी बेटी जैसी पीड़ा न सहे। जो भी दोषी हैं, उन्हें सख्त सजा मिलनी चाहिए।'

माता-पिता ने कहा कि आज का फैसला केवल शुरूआत होगी। उन्होंने कहा कि असली न्याय तब मिलेगा जब इस षड्यंत्र में शामिल सभी दोषियों को जांच के दायरे में लाया जाएगा और उन्हें सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा, 'यह लड़ाई सिर्फ हमारी बेटी के लिए नहीं, बल्कि सभी बेटियों की सुरक्षा के लिए है।' शुक्रवार शाम को पीड़िता के माता-पिता ने आशंका जताई थी कि न्याय केवल मुख्य आरोपित संजय राय की सजा तक सीमित रह सकता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ करने वाले अन्य साजिशकर्ता पर्दे के पीछे रह सकते हैं। पीड़िता की मां ने अपनी भावुक अपील में कहा, 'एक मां के रूप में मैंने सब कुछ खो दिया है। लेकिन मैं न्याय पाने के लिए अपनी लड़ाई जारी रखूंगी।

## केंद्र अधीक्षक एवं उप-अधीक्षक की प्रतिनियुक्ति के लिए पात्र शिक्षकों से 31 जनवरी तक मांगे ऑनलाइन आवेदन

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मैट्रिक व जमा दो नियमित एवं राज्य मुक्त विद्यालय की वार्षिक परीक्षा, कम्पार्टमेंट/अतिरिक्त विषय/श्रेणी सुधार परीक्षा हेतू केंद्र अधीक्षक एवं उप-अधीक्षक की प्रतिनियुक्ति के लिए पात्र शिक्षकों से 31 जनवरी 2025 तक ऑनलाईन माध्यम से आवेदन करने का आग्रह किया है। बोर्ड ने इस बाबत अपनी वैबसाईट www.hpbose.org पर लिंक उपलब्ध करवाया है। बोर्ड के सचिव डॉ मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि इसके अतिरिक्त अन्य किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उक्त समयावधि के पश्चात यह लिंक बोर्ड बेवसाइट से हटा दिया जाएगा।

## पौड़ी जिला अस्पताल में 18 डॉक्टर और 34 नर्सिंग-पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती

**देहरादून/पौड़ी।** पर्यटन, धर्मस्व व संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने पौड़ी जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ की तत्काल तैनाती पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत का आभार व्यक्त किया है। मंत्री सतपाल महाराज ने पहले जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाया था। उन्होंने मुख्यमंत्री से अस्पताल में आवश्यक स्टाफ और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया था। बीते शुक्रवार को कोटद्वार में भाजपा की चुनावी सभा के दौरान भी इस विषय पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। शुक्रवार को ही पौड़ी जिला अस्पताल में 18 डॉक्टरों और 34 नर्सिंग तथा पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई।

## बजट में किसान कल्याण टैक्स समाप्त और मंडी टैक्स 0.50 प्रतिशत किया जाये

एजेंसी



**कोटा :** राजस्थानी एसोसिएशन ऑफ स्पाइसेस (रास) की कोटा में हुई समीक्षा बैठक में विभिन्न जिलों से आये मसाला प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में राजस्थान में मसाला पैदावार का उत्पादन एवं बिक्री बढाने के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। संस्था के अध्यक्ष श्याम जाजू एवं सचिव महावीर गुप्ता ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन भेजकर मांग की कि किसान कल्याण टैक्स को प्रदेश में पूरी तरह समाप्त किया जाये एवं मंडी टैक्स की दरें 1.5 व 2 प्रतिशत से घटाकर पडौसी राज्यों के समान 0.50 प्रतिशत की जाये। जिससे प्रदेश के किसानों के हित में जीरा, धनिया, सौंफ, मैथी, सरसों जैसे प्रमुख मसाला उत्पादों का व्यापार फिर से तेज हो सके। प्रदेश में ड्राई पोर्ट व कंटेनर सीलिंग सुविधा बहुत कम है, इसका विस्तार किया जाये।

**प्रदेश में प्रोसेसिंग इकाइयां बढाई जायें–**

रास, कोटा इकाई के हेमंत जैन ने कहा कि किसान कल्याण टैक्स प्रदेश के व्यापारियों पर अव्यवहारिक आर्थिक बोझ है, जो अन्य राज्यों के मुकाबले कमजोर बनाता हैं। दूसरा, गुजरात और मध्यप्रदेश में ऐसी कोई फसल नहीं है जिससे वहां की प्रोसेसिंग इकाइयों को सीधा लाभ होता है। ऐसे में राजस्थान में उत्पादित माल प्रोसेसिंग के लिये वहां जा रहा है। जाजू ने बताया कि व्यापारियों द्वारा पिछले दो वर्षो से लगातार मंडी टैक्स को एक समान करने की मांग करने के बावजूद प्रदेश सरकार द्वारा इस टैक्स को तीन-तीन माह आगे बढ़ाने के लिये अधिसूचना जारी की जा रही है। इसका हल नहीं होने से प्रदेश में मसाला व्यापार लगातार पिछड़ रहा है। राजस्थान में पर्याप्त प्रोसेसिंग इकाइयां नहीं होने से किसान को उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। जिससे किसान अपनी मसाला पैदावार को बेचने के लिये गुजरात व मध्यप्रदेश जाने पर मजूबर है। मसाला उद्योग से प्रदेश में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। राज्य सरकार अपनी कर नीति में सुधार कर इस क्षेत्र में निवेश और रोजगार की संभावायें बढा सकती है।

**राजस्थान राइजिंग का एमओयू लागू करें**

रास जोधपुर के निदेशक प्रमोद भंडारी ने कहा कि प्रदेश में किसान कल्याण टैक्स को पूरी तरह समाप्त किया जाए। मंडी टैक्स को गुजरात के समान 0.50 प्रतिशत किया जाए। कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिये सरकार को टैक्स छूट, सब्सिडी, भूमि आवंटन जैसी योजनाओं पर तेजी से लागू करना होगा। ह्यराइजिंग राजस्थानह्व के तहत किए गए एमओयू को प्रभावी तरीके से लागू किया जाए। मसाला उद्योग में कार्यरत लोगों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम लागू किए जाएं। प्रोसेसिंग इकाइयों और व्यापार के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे सड़क, बिजली, पानी, भंडारण को सुनिश्चित किया जाए।

रास जयपुर इकाई के निदेशक हर्ष गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार ने किसान कल्याण टैक्स को समाप्त करने और मंडी टैक्स को एक समान करने के लिये इस बजट में कोई निर्णय नहीं लिया तो राजस्थानी एसोसिएशन ऑफ स्पाइसेस को ह्यराइजिंग राजस्थानह्व के तहत किए गए एमओयू और अपनी भविष्य की निवेश योजनाओं पर पुनर्विचार करना पड़ेगा।

## न्यूज IN ब्रीफ

### महाकुंभ मेले का आनंद उठाएं फोनपे के साथ

**रांची :** 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेले के लिए फोनपे ने एक खास कैंपेन की शुरूआत की है। कैंपेन में कई मजेदार चीजों के साथ शामिल है- 'महाकुंभ का महाशगुन' ऑफर, जिसमें प्रयागराज शहर में पहली बार फोनपे उपयोग करने वाले यूजर अपने पहले लेनदेन पर 144 रुपए के फ्लैट कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। यह ऑफर पूरे मेले में 26 फरवरी, 2025 तक और न्यूनतम 1 रुपये के लेनदेन पर वैध है। इस कैंपेन के प्रति ग्राहकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए, कंपनी महाकुंभ थीम पर आधारित QR कोड, बैनर, पोस्टर और अन्य ब्रांडिंग टूल्स का उपयोग प्रमुख स्थानों पर कर रही है। इसके अलावा, इस पवित्र आयोजन को और अधिक विशेष बनाने के लिए, फोनपे ने अपने स्मार्ट स्पीकर पर एक स्पेशल मैसेज लॉन्च किया है, जो श्रद्धालुओं को यह शुभकामना देता है- 'महाकुंभ की शुभकामनाएं, महा शगुन के साथ।' यह कैंपेन का उद्देश्य है महाकुंभ मेले में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं ताकि वे बिना नकद ले जाने की चिंता करे स्टॉल्स या दुकानों पर पेमेंट कर सकें या शगुन दे सकें, क्योंकि फोनपे उस पूरे स्थान पर पेमेंट का एक स्वीकृत माध्यम होगा। इससे डिजिटल पेमेंट को देश में और प्रोत्साहन मिलेगा और करोड़ों भारतीयों के लिए वित्तीय समावेशन को सुनिश्चित करेगा, जो अभी तक डिजिटल भुगतान प्रणाली से जुड़ नहीं पाए हैं।

### ट्राइडेंट ग्रुप ने 3,000 कुशल व्यक्तियों को नियुक्ति के लिए राष्ट्रव्यापी कर्मयोगी भर्ती अभियान किया शुरू

**रांची :** वैश्विक बिजनेस समूह ट्राइडेंट ग्रुप ने अपने कर्मयोगी भर्ती अभियान की शुरूआत की घोषणा की है। भर्ती अभियान का लक्ष्य भारत भर में 3,000 कुशल व्यक्तियों को नियुक्ति करना है। यह पहल एक समावेशी, सशक्त समुदाय के निर्माण और राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए ट्राइडेंट ग्रुप की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।कर्मयोगी भर्ती अभियान विशेष रूप से पंजाब में धौला, संघेरा और मध्य प्रदेश में बुधनी क्षेत्र पर केंद्रित होगा, जहां ट्राइडेंट समूह की विनिर्माण सुविधाएं स्थित हैं । कर्मयोगी भर्ती अभियान में महिला आवेदकों और खेल पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों की नियुक्ति पर विशेष जोर दिया जाएगा। 3,000 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करके, ट्राइडेंट ग्रुप न केवल 15,000 से अधिक पारिवारिक सदस्यों को अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित करेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हुए जीवन की गुणवत्ता में सुधार करेगा और साथ ही राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में योगदान देने में भी मदद करेगा। यह पहल स्कील डेवलपमेंट को भी बढ़ावा देगी, महिलाओं को सशक्त बनाएगी और मूल्यवान कर राजस्व उत्पन्न करेगी।कर्मयोगी भर्ती अभियान के बारे में बात करते हुए, सुश्री पूजा लूथरा, सीएचआरओ ट्राइडेंट ग्रुप ने कहा कि , ?यह अभियान हजारों लोगों के लिए सार्थक काम करने के अवसर पैदा करने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है, साथ ही हम जिन समुदायों की सेवा में कार्यरत हैं उन पर यह एक सकारात्मक प्रभाव डालेगा। यह पहल न केवल ट्राइडेंट में हमारे कार्यबल को मजबूत करेगी, बल्कि लोगों को सशक्त बनाते हुए उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करेगी , जिससे राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत की दिशा में योगदान मिलेगाह्व। कर्मयोगी भर्ती अभियान प्रक्रिया में ऑनलाइन पंजीकरण, आवेदन जमा करना, ऑफलाइन मूल्यांकन और कौशल मूल्यांकन आदि शामिल होंगे। सफल उम्मीदवारों को ट्राइडेंट समूह में संचालन, इंजीनियरिंग, रखरखाव और प्रशासन सहित विभिन्न विभागों में शामिल किया जायेगा। उन्हें इन पदों पर 8 घंटे की कार्य शिफ्ट के लिए 50,000 रुपये प्रति माह का प्रारंभिक वेतन दिया जाएगा, जिससे सम्मानजनक वेतन और बेहतर कार्य-जीवन संतुलन भी सुनिश्चित होगा।

### होंडा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया ने नया 2025 डियो लॉन्च किया

**रांची :** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज डियो का नया वर्जन लॉन्च किया, जो OBD2B मानकों का अनुपालन करता है और कई उन्नत फीचर्स से लैस है। इसे युवाओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। 2025 होंडा डियो की शुरूआती कीमत 74,930 रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) है।नई डियो के लॉन्च के मौके पर, एचएमएसआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ श्री सुतसुमु ओटानी ने कहा, 'डियो हमेशा से जोश और नवाचार का प्रतीक रहा है। 2025 डियो में हमने आधुनिक टेक्नोलॉजी, बेहतर प्रदर्शन और पर्यावरण के अनुकूल फीचर्स को जोड़ा है, जिससे यह स्कूटर का अनुभव नए स्तर पर पहुंचाता है। डियो की मूल मोटो स्कूटर की अवधारणा को बरकरार रखते हुए, हमने इसे और उन्नत बनाया है। हमें पूरा विश्वास है कि नया डियो भारतीय युवाओं की पहली पसंद बना रहेगा।इस अवसर पर होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर श्री अनुज माथुर ने कहा, 'हमारा उद्देश्य ऐसा परिवहन समाधान प्रदान करना है जो हमारे ग्राहकों के जीवन को और बेहतर बनाए। 2025 डियो स्टाइल, टेक्नोलॉजी और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मेल है। इसका OBD2B मानकों का अनुपालन करने वाला इंजन न केवल नए उत्सर्जन मानकों के अनुकूल है, बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन और बेहतर ईंधन क्षमता भी सुनिश्चित करता है। यह मोटो स्कूटर हमारी टैगलाइन 'डियो वान्ना हैव फन' के अनुरूप है, जो राइडिंग का रोमांच और नई पीढ़ी की उम्मीदों को पूरा करता है।

### होंडा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की नई सीबी 650 आर और सीबीआर 650 आर, प्रीमियम मोटरसाइकिल सेगमेंट में बढ़ाया कदम

**रांची :** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपनी प्रीमियम मोटरसाइकिल रेंज में दो नए मॉडल सीबी 650 आर और सीबीआर 650 आर लॉन्च किए हैं। ये दोनों बाइक स्टाइल और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मिश्रण पेश करते हुए मोटरसाइकिल प्रेमियों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करेंगी। ग्राहक अब इन नई बाइक्स को अपने नजदीकी बिगविंग डीलरशिप पर बुक कर सकते हैं। इनकी डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू होगी। होंडा के ये नए मॉडल निश्चित रूप से प्रीमियम बाइकिंग के क्षेत्र में एक नया बेंचमार्क स्थापित करेंगे। इस लॉन्च पर एचएमएसआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, 'हमें भारत में सीबी 650 आर और सीबीआर 650 आर के नए एडिशन लॉन्च करने की खुशी है। भारत में प्रीमियम मोटरसाइकिल सेगमेंट तेजी से बढ़ रहा है, और हाई परफॉर्मेंस वाली, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी से लैस बाइक्स की मांग बढ़ रही है। एचएमएसआई में हम ग्राहकों की इन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विश्व स्तरीय प्रोडक्ट्स लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें भरोसा है कि ये नई बाइक्स प्रीमियम मोटरसाइकिलिंग के अनुभव को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी। 'इस लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर योगेश माथुर ने कहा, सीबी 650 आर और सीबीआर 650 आर को लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। ये मोटरसाइकिलें उन प्रीमियम ग्राहकों के लिए बनाई गई हैं, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस, एडवांस्ड तकनीक और स्टाइलिश डिजाइन को प्राथमिकता देते हैं।

### होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रस्तुत करेगा भविष्य की मोबिलिटी

**रांची :** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई ) बहुप्रतीक्षित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में मोबिलिटी के भविष्य को फिर से परिभाषित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। HMSI इस एक्सपो में कई नवाचारपूर्ण और तकनीकी रूप से उन्नत उत्पाद प्रदर्शित करेगा, जो 17-22 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। यह कंपनी की नवाचार और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। होंडा पैवेलियन की अगुवाई करेगी बिल्कुल नई एक्टिवा ई : और QC1 इलेक्ट्रिक स्कूटर्स, जिनकी प्रारंभिक कीमतों की आज घोषणा की गई है। बिल्कुल नई एक्टिवा ई : और QC1 की शुरूआती कीमत क्रमश: 1,17,000 और 90,000 (एक्स-शोरूम, बेंगलुरु) रखी गई है। कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए केयर पैकेज भी पेश किए हैं, जो उनके समग्र मूल्य को बनाए रखने और वाहन की दीघार्यु को बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए हैं।इस अवसर पर एचएमएसआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ, त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा:? होंडा में, हम निरंतर नवाचार और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से मोबिलिटी के भविष्य को आकार देने में विश्वास रखते हैं। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 हमारे कार्बन न्यूट्रैलिटी और सतत मोबिलिटी समाधानों की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को प्रदर्शित करने का आदर्श मंच है। एक्टिवा ई और QC1 के साथ, हम दो अलग-अलग तकनीकी रूप से उन्नत इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स पेश कर रहे हैं, जो विभिन्न उपभोक्ता आवश्यकताओं को पूरा करेंगे। एक्टिवा ई की स्वैपेबल बैटरी तकनीक ग्राहकों के लिए एक तनाव-मुक्त समाधान प्रदान करती है, क्योंकि होंडा बैटरी प्रबंधन की पूरी ज़िम्मेदारी लेता है, जिससे बैटरी के खराब होने की चिंता समाप्त हो जाती है। एचएमएसआई अपने बेहतरीन रखरखाव और सर्विसिंग के माध्यम से वाहन के मूल्य को संरक्षित करने और स्वामित्व का आनंद प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

### भारत में पहली बार 'मेड इन इंडिया' पहली बीएमडब्ल्यू एक्स 1 लॉंग व्हीलबेस आल इलेक्ट्रिक की पेशकश

**रांची :** बीएमडब्ल्यू इंडिया ने ऑटो एक्सपो 2025 में पहली बीएमडब्ल्यू एक्स 1 लॉंग व्हीलबेस आल इलेक्ट्रिक लॉन्च की है। इस कार को भारत में बीएमडब्ल्यू डीलरशिप्स और www.bmw.in के जरिए बुक किया जा सकता है। बीएमडब्ल्यू एक्स 1 लॉंग व्हीलबेस आल इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू द्वारा निर्मित पहली इलेक्ट्रिक वाहन बन गई है जो 'मेड इन इंडिया' है। ठडॅ ग्रुप प्लांट चेन्नई में स्थानीय रूप से निर्मित बीएमडब्ल्यू एक्स 1 लॉंग व्हीलबेस आल इलेक्ट्रिक विशेष रूप से ड्राइवट्रेन में उपलब्ध है। विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट और बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा,आज बीएमडब्ल्यू इंडिया ने पहली बीएमडब्ल्यू एक्स 1 लॉंग व्हीलबेस ऑल इलेक्ट्रिक के साथ भारतीय प्रीमियम ऑटोमोटिव सेगमेंट में हलचल मचा दी है। यह बड़ी है, यह एसयूवी है, यह ईवी है और यह बीएमडब्ल्यू है। बीएमडब्ल्यू एक्स 1 लॉंग व्हीलबेस ऑल इलेक्ट्रिक हर दिन आपके मनचाहे तरीके से छा जाने के लिए तैयार है। एक ही पैकेज में व्यावहारिकता और सस्टेनेबिलिटी मुहैया करने वाली यह शानदार पेशकश आपकी पहली बीएमडब्ल्यू के रूप में स्पष्ट पसंद होगी।

## न्यूज ब्रीफ



### बीएसएनएल दिवस पर चित्रांकन प्रतियोगिता व विशेष छूट शिविर का आयोजन

**गुमला :** बीएसएनएल रांची एसएसए द्वारा बीएसएनएल दिवस के अवसर पर चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में डालटनगंज, हजारीबाग, सिमडेगा, गुमला, खूंटी, रामगढ़, चतरा और रांची के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में सेंट पैट्रिक स्कूल, गुमला के छात्रों ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर गुमला जिले का नाम गौरवान्वित किया। अन्य प्रतिभागियों ने भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों का प्रमाण पत्र वितरण समारोह सेंट पैट्रिक स्कूल, गुमला में आयोजित किया गया।

इसके साथ ही, बीएसएनएल गुमला में ग्राहकों के लाभ के लिए एक विशेष छूट शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर निम्न स्थानों पर आयोजित होगाः

- 18, 27 और 30 जनवरी 2025 को मुख्य टेलीफोन एक्सचेंज, पालकोट रोड, गुमला।
- 23 जनवरी 2025 को सिसई टेलीफोन एक्सचेंज।

इस शिविर में ग्राहकों को पुराने बकाया बिलों पर 50% तक की छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही,

1. बिल संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान।
2. पुराने कटे हुए नंबरों का तुरंत पुनः कनेक्शन।
3. नए कनेक्शन और योजनाओं की जानकारी।

-सेवा संबंधी किसी भी जानकारी के लिए ग्राहक टोल फ्री नंबर 18004444 पर संपर्क कर सकते हैं।

### सीरा सीता धाम में होगा राजकीय मेले का आयोजन, उपायुक्त ने दिया आवश्यक दिया निर्देश

**गुमला :** जिला अंतर्गत स्थित डुमरी प्रखंड अंतर्गत अकासी पंचायत स्थित पर्यटन स्थल सीरा सीता धाम में छह फरवरी माह दिन गुरुवार को आयोजित होने वाले मेले को राजकीय मेला घोषित किया गया है। इस मेले के सफलता पूर्वक आयोजन हेतु आज शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में गुमला के नया समाहरणालय भवन, चंदाली स्थित सभागार में एक विशेष बैठक आहूत की गई।

बैठक में उपायुक्त गुमला ने मेले के सुचारू आयोजन के लिए निम्नलिखित आवश्यक व्यवस्थाओं पर जोर दिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कियाः

- प्राथमिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
- साफ-सफाई करवाना।
- शौचालय, पेयजल, विद्युत और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना।
- एंबुलेंस एवं चिकित्सकीय सेवाओं की उपलब्धता।
- मेले स्थल पर आवश्यक रंग-रोगन और सौंदर्यीकरण कार्य।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मेले में आने वाले किसी भी यात्री को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्व पूर्ण करने के लिए संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में उप विकास आयुक्त गुमला, अपर समाहर्ता गुमला, एसडीओ चैनपुर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, डीएसपी गुमला, बीडीओ डुमरी, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी।

### जिला प्रशासन ने किया खेल सामग्री किट का वितरण



**गुमला :** जिले के छह विभिन्न आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों के 455 खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री किट का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिनके द्वारा खिलाड़ियों को यह सामग्री प्रदान की गई। इस वितरण कार्यक्रम में फुटबॉल, बैडमिंटन, हॉकी सहित विभिन्न खेलों से जुड़े प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। उपायुक्त ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गुमला, जिला खेल पदाधिकारी गुमला, और अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में खिलाड़ियों और अधिकारियों ने खेलों के महत्व पर अपने विचार साझा किए और गुमला जिले को खेल के क्षेत्र में अग्रणी बनाने का संकल्प व्यक्त किया। यह पहल गुमला प्रशासन की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

### सहायक शिक्षक व सहायक अध्यापक के सेवानिवृत होने पर विदाई सह सम्मान समारोह



**दुमकाः** जिले के जरमुंडी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटेली अंचल -जरमुंडी में शुक्रवार को राजकीय मध्य विद्यालय पहरीडीह में पदस्थापित सहायक शिक्षक नन्द किशोर बास्की एवं सहायक अध्यापक अशोक कुमार यादव सहायक अध्यापक के सेवा निवृत्त होने के फलस्वरूप एक विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्ति सहायक शिक्षक नन्द किशोर बास्की राजनीति विज्ञान, संताली भाषा और साहित्य विषय से स्नातकोत्तर एवं डॉ० ऑफ फिलोसॉफी की शिक्षा प्राप्त की है एवं सहायक शिक्षक के रूप में वर्ष 1994 में नियुक्त होकर पूरे तीस वर्षों तक शिक्षा के श्रेत्र में अपनी बहुमूल्य समय दिया है. श्री बास्की एक कुशल और कत्तर्व्यनिष्ठ , ईमानदार छवि के रूप में जाने जाते रहे हैं।इनको कई बार जिला और ब्लॉक स्तर पर पुरस्कृत भी किया गया है।ये झारखंड राज्य स्तर पर हिंदी भाषा से संताली भाषा में कई पुस्तकों का अनुवाद भी किए हैं।ये राज्य स्तरीय संताली भाषा के मास्टर ट्रेनर भी थे। श्री बास्की की विद्यालय में साफ सुथरी छवि वाले शिक्षकों में गिनती होती थी।श्री बास्की 31-12-2024 को सेवा निवृत्त हो गये थे। विदाई सह सम्मान समारोह में कोकिल मंडल, अशोक कुमार यादव, विवेक कुमार,धन्जय मंडल, संतोष कुमार, धनेश्वर यादव, आरती कुमारी,रेणु कुमारी,समाज सेवी लाल मोहन राय ,उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार के साथ संकुल कटेली के अनेकों शिक्षक शिक्षिकाएं समारोह में शामिल थे।

## सीएसआर और जिला उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक

# जनकल्याणकारी कार्यों की प्रगति की विस्तार से की गयी समीक्षा



**संवाददाता**

**गुमला :** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आज जिला प्रशासन की ओर से सीएसआर (कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) मामलों और जिला उद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खनन क्षेत्रों में हिंडाल्को द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने विद्यालय मरम्मत, जल मीनार निर्माण, जर्जर भवनों की मरम्मत सहित अन्य सीएसआर मद से किए जा रहे कार्यों का बिंदुवार मूल्यांकन किया। उन्होंने माइनिंग क्षेत्रों में पेयजल सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इनकी तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, चौरापाठ आवासीय विद्यालय के लंबित कार्यों को 5 फरवरी तक पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने जरूरतमंद क्षेत्रों में गहरे बोरिंग कराने और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु त्वरित कार्रवाई करने की बात कही।

खनन क्षेत्र के बाहर जीएम लैंड की मापी कर माइनिंग रेट निर्धारित करने के संबंध में उपायुक्त ने संबंधित अंचल अधिकारियों और जिला खनन पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।

**जिला उद्योग विभाग की समीक्षाः** उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों को शीघ्र निपटाने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। पीएमएफएमई योजना की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकतम युवाओं को रोजगार से जोड़ने और तय लक्ष्यों के अनुसार कार्य करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, जिला खनन पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला उद्यमी समन्वयक, अंचल अधिकारी (घाघरा व विशुनपुर), हिंडाल्को के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अवैध खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई

## एसडीओ ने भरनो प्रखंड के करौंदा जोर मौजा स्थित धारित खनन पट्टा क्षेत्रों और क्रशर प्लांट स्थलों का किया औचक निरीक्षण



**गुमला :** जिले में अवैध खनन पर रोक लगाने और इस पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई जारी है। उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) राजीव नीरज ने भरनो प्रखंड के करौंदा जोर मौजा स्थित धारित खनन पट्टा क्षेत्रों और क्रशर प्लांट स्थलों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान खनन पट्टाधारियों द्वारा नियमों के अनुपालन, खनन गतिविधियों की वैधता और पर्यावरणीय प्रावधानों की स्थिति की गहन जांच की गई। टीम ने मौके पर उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन किया और अनियमितताओं पर कड़ी नजर रखी। एसडीओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कई खननकर्ता सीमांकन से बाहर खनन कर रहे हैं और कई मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। सीमांकन का कार्य प्रगति पर है, और जांच पूर्ण होने के पश्चात दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे अवैध खनन गतिविधियों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि मिलकर इस दिशा में एक स्वच्छ और कानूनसम्मत व्यवस्था बनाई जा सके। अवैध खनन की शिकायत के लिए जिला खनन विभाग द्वारा जारी किए गए नंबर *9934887613* पर अपनी शिकायतों को साझा करें। जानकारी देने वाले की पहचान पूर्ण रूप से गुप्त रखी जाएगी।

इस दौरान अंचल अधिकारी भरनो, जिला खनन पदाधिकारी गुमला और अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी निरीक्षण कार्य में उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय स्थापना समिति की बैठक संपन्न, लिए गये महत्वपूर्ण निर्णय

**गुमला :** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें अनुकंपा नियुक्ति, पारस्परिक स्थानांतरण और अन्य प्रशासनिक मामलों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सामान्य अनुकंपा के तहत एक मामले में स्वीकृति प्रदान की गई। सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी (सैप) के बारहंगी सुरंग में मृत्यु से संबंधित तीन अनुकंपा मामलों को जिला स्तर पर स्वीकृत करते हुए गृह विभाग को भेजने के निर्देश दिए गए। उग्रवादी हिंसा से संबंधित एक मामले पर भी स्वीकृति प्रदान कर गृह विभाग को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजने का निर्णय लिया गया।

चौकीदार अनुकंपा से जुड़े पांच मामलों में स्वीकृति प्रदान करते हुए रिक्ति के अनुसार शीघ्र नियुक्ति करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री सेवा संकल्प योजना (एमएससीपी ) के तहत 13 मामलों और चौकीदार नियुक्ति के दो मामलों को सत्यापन हेतु जिला लेखा कार्यालय भेजने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, पारस्परिक स्थानांतरण से जुड़े दो मामलों पर भी स्वीकृति दी गई। उपायुक्त ने इन सभी प्रक्रियाओं को समयबद्ध और पारदर्शी रूप से पूरा करने का निर्देश दिया।

# वायु सेना अग्निपथ योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन



**संवाददता**

**दुमकाः** जिले के एसपी कॉलेज, एएन. कॉलेज दुमका एवं सेंट जेवियर्स कॉलेज दुमका में शुक्रवार को वायुसेना अग्निपथ योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में वायु सेना के चयन अधिकारी केवी रेड्डी एवं राजेश कुमार ने छात्रों को बताया कि भारतीय वायु सेना में अग्निपथ योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 7 जनवरी 2025 को आधिकारिक वेबसाइट पर खुली है जो की अब 07 जनवरी 2025 सुबह 11 से 27 जनवरी 2025 रात 11 बजे तक भारतीय वायु सेना की वेबसाइट पर लॉगिन कर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस भर्ती में 1 जनवरी 2005 से 1 जुलाई 2008 के बीच जन्मे अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। अविवाहित ऐसे महिला और पुरूष जो भारत का नागरिक हो, उसकी आयु साढ़े 17 से 21 वर्ष तक, लम्बाई 152 से.मी. तथा शैक्षणिक योग्यता बारहवीं, आईटीआई अथवा किसी भी विषय में डिप्लोमा में 50 प्रतिशत अंक तथा इंग्लिश में 50 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण हो, आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ आधार कार्ड, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर देना होगा। विशेष जानकारी के लिए ऊपर दिए गए भारतीय वायु सेना के वेबसाइट से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। 8 अक्टूबर, 1932 को भारतीय वायुसेना का गठन हुआ था। इस दिन को भारतीय वायुसेना दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रशिक्षण के लिए विदेश जाना पड़ता था। देश की आजादी के बाद भारतीय वायु सेना ने कई अद्भुत काम किया है। देश की सुरक्षा के साथ बाढ़ की विभीषका के समय मानव मूल्यों की सुरक्षा एवं अन्य काम को करते है। भविष्य को बनाने के लिए अनुशासन का होना जरूरी है। अच्छी पढ़ाई के लिए समझ रखना जरूरी है। किसी भी कठिन सवाल को समझकर आसानी से जवाब दे सकते है। ऑफिसर बनने के लिए मैट्रिक के बाद से एनडीए की तैयारी कर अपने कैरियर को बना सकते है। एनसीसी करने वालों छात्रों के लिए भी सुनहरा मौका होता है। कहा कि हाथ या किसी भी शरीर के भाग पर टैटू नहीं बनवाना चाहिए। खासतौर पर सेना में इजाजत नहीं है। टैटू के इंफेक्शन से शरीर पर इसका दुष्प्रभाव पड़ता है।

## नैक की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक संपन्न

# नैक के सभी सात मापदंडों पर की गई चर्चा



**दुमकाः** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के सभागार में शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बिमल प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में नैक की तैयारियों को लेकर बैठक बुलाई गई। उक्त बैठक में नैक के मद्देनजर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं आधारभूत संरचना व सुविधाओं के समग्र विकास को जानने के लिए नैक के सभी सात मापदंडों पर चर्चा की गई। आइक्यूएसी समन्वयक डॉ. नीलेश कुमार ने नैक मूल्यांकन में बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक सुधारों की ओर सदस्यों का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने खास तौर पर इस वर्ष से नैक द्वारा मूल्यांकन की नई बाइनरी पद्धति पर चर्चा की। यह बैठक नैक की तैयारियों के मूल्यांकन के लिए बुलाई गई थी। बैठक में विश्वविद्यालय द्वारा हाल के दिनों में शैक्षणिक क्षेत्र में किए गए कार्यों और आधारभूत संरचना के विकास समेत कई पहलुओं पर चर्चा किया गया। कुलपति प्रो.बिमल प्रसाद सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय नैक द्वारा लागू की जाने वाली नई बाइनरी नैक मान्यता प्रणाली का इंतजार कर रहा है, नई प्रणाली लागू होते ही विश्वविद्यालय नैक मान्यता के लिए आगे बढ़ेगा। बैठक में अब्दुस सत्तार, डॉ.संजय कुमार सिन्हा, डॉ.एसएन अधिकारी, डॉ.संजीव कुमार सिन्हा, डॉ. राजीब केरकेट्टा, डॉ.बिनोद मुर्मू, डॉ.राजेश कुमार यादव, अमिता कुमारी, आनंद गुटगुटिया व अन्य उपस्थित थे।

### एसकेएमयू ने की यूजी सेमेस्टर-6 के फॉर्म भरने की तिथि की घोषण

**दुमकाः** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने शुक्रवार को यूजी सेमेस्टर-2, सत्र-2023-27 के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी है। कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह ने उक्त परीक्षा के लिए फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। बिना विलंब शुल्क के उक्त परीक्षा के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि 20 से 30 जनवरी निर्धारित की गई है, जबकि 500 ??रुपये विलंब शुल्क के साथ छात्र 31 जनवरी से 3 फरवरी तक फॉर्म भर सकते हैं और फॉर्म की हार्ड कॉपी संबंधित विभाग या कॉलेज में जमा करने की तिथि 4 से 6 फरवरी निर्धारित की गई है। छात्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से परीक्षा फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना डाउनलोड कर देख सकते हैं।



### स्मारिका समिति की आयोजित बैठक संपन्न

**दुमकाः** 21 फरवरी से आयोजित होने वाले राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रकाशित होने वाले स्मारिका के लिए उपनिदेशक जनसम्पर्क रोहित कंडुलना की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्मारिका समिति की एक बैठक सूचना भवन में आयोजित की गई। बैठक में स्मारिका के विषय पर चर्चा की गई। इस दौरान समिति के सदस्यों ने हिजला मेला को राज्य के अलावा देश में भी एक अलग पहचान दिलाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये। बैठक में सभी सदस्यों ने निर्णय लिया कि इस वर्ष प्रकाशित होने वाली स्मारिका हिजला मेला के इतिहास से लेकर वर्तमान एवं सम्पूर्ण संताल परगना पर आधारित होगा। स्मारिका समिति के सदस्यों ने यह भी निर्णय लिया कि यह स्मारिका संताल परगना के लोगों के लिए ज्ञानवर्धक होगा एवं पूरे संताल परगना की झलक स्मारिका में होगी।

**स्मारिका हेतु निम्नलिखित टॉपिक पर आलेख/रचना आमंत्रित किया गया है '**

■ संथाल परगना का इतिहास ■ वर्तमान परिदृश्य में हिजला मेला
■ साहित्यिक विरासत-कविता,कहानी ■ संथाल परगना के साहित्यकार
■ कला संस्कृति, लोकगीत, लोकनृत्य ■ वाद्य यंत्र,पेंटिंग ■ कला एवं शिल्प ■ सांस्कृतिक धरोहर ■ ऐतिहासिक पर्यटन स्थल
■ आदिवासी खान पान ■ सामाजिक एवं सांस्कृतिक सरोकार- पर्व त्योहार एवं लोक परंपरा ■ अर्थव्यवस्था-कृषि,हाट बाजार, मेला,पशुपालन ■ नवाचार ■ झारखंड की विशेष सांस्कृतिक धरोहर
■ पारंपरिक खेल कूद ■ कविता, लघु कथा, गीत गजल

ज्ञात हो कि इस वर्ष 21 फरवरी से 28 फरवरी तक राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव 2025 का आयोजन किया जायेगा।

## 54वीं स्टेसमैन विनटेज एंड क्लासिक कार रैली

# चाईबासा के गुरुमुख सिंह खोखर कार रैली में शामिल होने के लिए कोलकाता रवाना



**ज्योति पाठक**

**चाईबासाः** झारखंड को कार रैली में पुनः विजेता बनने के लिए कोलकाता पहुंचे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा चुके गुरुमुख सिंह खोखर, 54वीं स्टेसमैन विनटेज एंड क्लासिक कार रैली कोलकाता, 2025 में भाग लेने के लिए 17 जनवरी को गुरुद्वारा में 6 बजे सुबह अरदास करवा कर गुरमुख सिंह खोखर, रसिक लाल टांक एवं रौनक सिंह खोखर रवाना हुए।

विंटेज कार रैली में जजों की तीन अलग अलग टीम के द्वारा 18 जनवरी, 2025 को विंटेज वाहनों की ऑथेंटीसिटी - ओरिजन्लटी, मेकेनिकल वर्क तथा कोच वर्क की सूक्ष्मता से जांच होगी तथा 19 जनवरी 2015 को सुबह आठ बजे शुभारंभ होने वाली 54वीं कार रैली में लगातार 31वीं बार भाग लेने जाते समय सफर में जादूगोड़ा स्थित मां रंकणीं मंदिर, जादुगोड़ा में प्रणाम एवं पुजा अर्चना किया। 17 जनवरी 2025 सुबह 8.15 बजे रवाना हुए ।